वर्ष 24, अंक 264, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### ममता के गढ़ भवानीपुर में गरजे अमित शाह

## बिना डर वोट दें, टीएमसी को उखाड़कर बंगाल की खाड़ी में फेंक दें



**कोलकाता**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कोलकाता में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि कोई भी गुंडा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। अमित शाह ने कोलकाता में एक चुनावी रैली में कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है; कोई गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव आएगा। लेकिन आप भाबनीपुर में बदलाव चाहते हैं या नहीं? मैं यहां अपने उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी के लिए आपके वोटों की अपील करने आया हूं।

ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र में भी बदलाव आएगा

बंगाल में लगभग हर दिन बम हमले और गोलीबारी की खबरों का हवाला देते हुए अमित शाह ने कहा कि न केवल बंगाल में बल्कि ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भाबनीपुर में भी बदलाव आएगा। गौरतलब है कि अमित शाह ने गुरुवार को भाबनीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में भाग लिया और उनके साथ रोड शो किया। रोड शो भाबनीपुर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए सर्वे भवन पर समाप्त हुआ, जहां अधिकारी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि काफिला सर्वे भवन से लगभग 200 मीटर पहले रुकेगा और शाह अधिकारी के साथ कार्यालय तक जाएंगे, जहां भाजपा नेता अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में शाह की भागीदारी भाबनीपुर चुनाव को पार्टी द्वारा दिए जा रहे महत्व को रेखांकित करने के लिए थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी बाद में भाबनीपुर में चुनाव प्रचार करने की संभावना है।

## कांग्रेस ने विकास रोका, घुसपैठियों को पनाह दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को असम को विकास से दूर रखने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की। नागांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने राज्य के विकास के लिए नौ लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य में भारी निवेश हो रहा है। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने असम के विकास के लिए कभी कुछ नहीं किया... आपकी (राहुल गांधी) सरकार 15 साल सत्ता में रही। आपने असम के लिए वास्तव में क्या किया? 2004 से 2014 तक असम में कांग्रेस सरकार सत्ता में थी... असम के विकास के लिए मात्र 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपये दिए गए... इसी 10 साल की अवधि (2014 से 2024) में प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को 9 लाख 78 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराने के लिए काम किया है... मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में लाखों करोड़ रुपये का निवेश लाने के लिए काम किया है। अमित शाह ने अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए लोगों से आगामी 9 अप्रैल के चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि असम में 9 अप्रैल को मतदान होना है और भाजपा और असम गण परिषद के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का समय आ गया है... ये दस साल असम के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखे जाएंगे। काजीरंगा बिल्कुल पास में स्थित है। काजीरंगा के गैंडे दुनिया के कोने-कोने से पर्यटकों को असम की ओर आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। फिर भी, कांग्रेस सरकारों ने काजीरंगा को घुसपैठियों के हवाले कर दिया। इससे पहले, शाह ने पश्चिम बंगाल में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है। उन्होंने भाबनीपुर से ममता बनर्जी के खिलाफ मैदान में उतरे सुवेंदु अधिकारी के नामांकन दाखिल करने में भी भाग लिया।

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ' - रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### कोई दुस्साहस किया तो तो भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी



**नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक स्थिति के बीच भारत के पड़ोसी द्वारा किसी भी प्रकार के दुस्साहस को अंजाम देने की स्थिति में निर्णायक कार्रवाई की कड़ी चेतावनी जारी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि मौजूदा हालात में हमारा पड़ोसी कोई भी दुस्साहस कर सकता है। अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

चुनाव वाले केरल में सैनिक सम्मान सम्मेलन में बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना के जहाज देश के टैंकरों को व्यस्त जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से निकाल रहे हैं। राजनाथ सिंह की टिप्पणी पाकिस्तान की ओर इशारा करती प्रतीत हुई, जिसके खिलाफ भारत ने पिछले साल मई में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में एक महीने पहले हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले शुरू किए थे।

देश में ईंधन संकट की अफवाहों को खारिज करते हुए, राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष को लेकर झूठ फैलाकर दहशत पैदा करना चाहते हैं। देश में न तो पेट्रोल-डीजल की कमी है और न ही गैस की। भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर इस संकट के दौरान देश के साथ खड़े होने के बजाय छोटी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि आज हम सभी बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक बड़ा संघर्ष चल रहा है। केरल के कई लोग इन देशों में रहते और काम करते हैं, लेकिन हमें बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि हम अपने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए कोई भी कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे।

## 10 अप्रैल से शुरू होगी चारधाम यात्रा



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं. हर साल लाखों श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में भाग लेते हैं और भगवान के दर्शन के लिए सड़क मार्ग के साथ-साथ हवाई सेवाओं का भी सहारा लेते हैं. इसी कड़ी में इस साल यात्रा को और अधिक सुगम बनाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग 10 अप्रैल से शुरू की जा रही है.

हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए टिकट बुकिंग केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही की जा सकेगी, जिसका संचालन IRCTC द्वारा किया जाता है. यात्रियों को सलाह दी गई है वेबसाइट पर जाकर ही अपनी सीटें आरक्षित करें. किसी भी अन्य अनधिकृत माध्यम या एजेंट के जरिए बुकिंग करने से बचें।

## 9 घंटे तक SIR अफसरों को बंधक

**पश्चिम बंगाल**

**देश** के पांच राज्यों में चुनावी शोर है. ऐसे में पश्चिम बंगाल में एक मामले ने तूल पकड़ लिया है. यहां 9 घंटे तक एसआईआर के अफसरों के बंधक बनाए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है. ऐसे में इस सियासी ड्रामे को लेकर काफी चर्चा है, आइए जानते हैं, आखिर क्या है पूरा मामला

दरअसल, पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया में शामिल सात न्यायिक अधिकारियों को मालदा जिले में कथित तौर पर लगभग 9 घंटे तक बंधक बनाए रखा गया. इस घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने भी हैरानी जताई है. इसके साथ ही केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश कोर्ट की तरफ से दिया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल को सबसे ज्यादा ध्रुवीकृत राज्य बताया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना को पहले से सोची समझी और किसी मकसद से की गई घटना करार दिया है. साथ ही चुनाव आयोग को कहा है कि वह इसकी जांच एनआईए और सीबीआई को सौंप दे.

पूरे मामले की शुरूआत बुधवार को कालियाचक क्क ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर रक्क के दौरान वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ. प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक अधिकारियों से मिलने की मांग की. उनकी मांग को नहीं माना गया. शाम 4 बजे बीडीओ ऑफिस का घेराव किया गया. तीन महिलाओं समेत सात अन्य न्यायिक अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में बढ़ते संकट के बीच भारत पूरी तरह अलर्ट



**नई दिल्ली**

**भारतीय** विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज कई महत्वपूर्ण वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भारत की स्थिति स्पष्ट की। प्रेस वार्ता के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति, पड़ोसी देशों के साथ ऊर्जा सहयोग, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता जैसे विषय प्रमुख रूप से सामने आए।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सबसे पहले लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस समय लगभग छह सौ भारतीय सैनिक संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान में तैनात हैं। भारत कई दशकों से शांति अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाता रहा है और वह संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा सैनिक योगदान देने वाला देश है। उन्होंने हाल ही में इस मिशन पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों में कई सैनिकों की जान गई है, जो अत्यंत दुखद है। भारत ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और शांति सैनिकों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

पड़ोसी देशों को किये जा रहे ऊर्जा सहयोग के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत वर्ष 2007 से बांग्लादेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता आ रहा है। इसके अतिरिक्त हाल ही में श्रीलंका के अनुरोध पर उसे 38 हजार मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। नेपाल और भूटान के साथ भी भारत का ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग लगातार जारी है। मालदीव सरकार ने भी अल्पकालिक और दीर्घकालिक आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए भारत से संपर्क किया है। इन अनुरोधों पर भारत अपनी उपलब्धता और घरेलू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विचार कर रहा है।

इसके अलावा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## तुगलकाबाद में शोभायात्रा के दौरान मस्जिद पर लगाया भगवा झंडा, पुलिस ने हटाया



**नई दिल्ली**

साउथ ईस्ट दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में आज (2 अप्रैल) दोपहर 1.30 बजे के करीब शोभा यात्रा निकालते हुए एक मस्जिद के वजू खाने के टीन शेड पर दो लड़के चढ़ गए और भगवा झंडा लहराया. कुछ ही देर में बाइक पर मौजूद बीट स्टाफ ने उन्हें देखते ही नीचे उतार लिया. इस मामले में पुलिस का कहना है कि एक वीडियो भी सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है. कुछ लड़कों की पहचान भी की गई है. लेकिन अभी कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है. आगे जैसी शिकायत आती है, उस हिसाब से कार्रवाई होगी. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में हनुमान जन्मोत्सव के दौरान मस्जिद के पास निकल रही शोभा यात्रा के दौरान हंगामा होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई।

## सांसद राघव चड्ढा पर वीरेंद्र सचदेवा का बड़ा बयान



**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता के पद से हटाने और उनकी जगह अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी दिए जाने पर दिल्ली बीजेपी चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने भी प्रतिक्रिया दी है. बीजेपी ने अअढ को घेरते हुए कहा कि राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल के अराजक और भ्रष्ट नेतृत्व से दूरी बना ली है. इखढ ने स्वाति मालिवाल का भी जिक्र किया और अरविंद केजरीवाल को एक 'कमजोर' नेता करार दिया.

राघव चड्ढा को लेकर बीजेपी का अअढ पर हमला

बीजेपी ने एक्स हैंडल पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का यह अधिकार है कि वह अपने संसदीय दल का नेता नियुक्त करे, लेकिन जिस तरह सांसद राघव चड्ढा को न केवल राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया है, बल्कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें सदन में बोलने का समय न दिया जाए, उससे स्पष्ट है कि राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल के अराजक और भ्रष्ट नेतृत्व से दूरी बना ली है."

आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का यह अधिकार है कि वह अपने संसदीय दल का नेता नियुक्त करे, लेकिन जिस तरह सांसद राघव चड्ढा को न केवल राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया है, बल्कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें सदन में बोलने का समय न दिया जाए, उससेड्ढ

अरविंद केजरीवाल एक कमजोर नेता- बीजेपी

इसके साथ ही उन्होंने कहा, "पहले स्वाति मालीवाल और अब राघव चड्ढा, जो आम आदमी पार्टी की नींव रहे हैं, अरविंद केजरीवाल से दूर हो गए हैं।

### महीनेभर में 3.33 लाख नए कनेक्शन

## पश्चिम एशिया संकट में एलपीजी पर निर्भरता होगी कम



**नई दिल्ली**

**पेट्रोलियम** और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए सरकार पाइपलाइन द्वारा प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन के विस्तार को बढ़ावा दे रही है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने पूरे देश में पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

शर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एलपीजी पर दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सरकार ने राज्यों को व्यापार सुगमता उपायों के माध्यम से पीएनजी के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने का आदेश जारी किया था। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगी कि भारत सरकार ने एक आदेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि यदि राज्य सरकारें व्यापार सुगमता उपायों के माध्यम से पीएनजी के विस्तार को बढ़ावा देती हैं, तो 10 प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी उपलब्ध कराई जाएगी।

शर्मा के अनुसार, कई राज्यों को पहले ही इस नीति का लाभ मिल चुका है। उन्होंने आगे कहा कि लगभग आठ राज्यों को अतिरिक्त आवंटन दिया गया है और तीन राज्यों से आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन पर विचार किया जा रहा है। पीएनजी तक बिजली की पहुंच बढ़ाने में हुई हालिया प्रगति पर प्रकाश डालते हुए शर्मा ने कहा कि पिछले एक महीने में नए कनेक्शनों और पंजीकरणों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



## नोएडा के इन 14 गांवों में 7200 बीघे जमीन अधिग्रहित करेगी योगी सरकार

**नोएडा**

**जेवर** इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद अब फेज-2 के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. किसानों को मुआजवा बांटने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. जिसमें एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की जाने वाली 14 गांवों की जमीन के लिए विशेष कैंप लगावाने पर चर्चा की गई.

जिलाधिकारी मेधा रुपम ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए स्टेज-2 एवं फेज-2 और स्टेज-2 एवं फेज-3 के लिए जेवर तहसील के 14 गांवों की भूमि अधिग्रहण की जाएगी. 1838.4176 हेक्टेयर जमीन (करीब 7260 बीघे से अधिक) का किसानों को मुआवजा दिया जाएगा. बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया से प्रभावित किसानों की सुविधा को ध्यान में रखा जाएगा. तीन अप्रैल से भूमि अधिग्रहण के लिए प्रत्येक ग्राम में रोजाना कैंप आयोजित किए जाएंगे. इन कैंपों के जरिए प्रभावित किसानों को प्रतिकर प्रपत्र प्राप्त कर प्रतिकर पत्रावली तैयार की जाएगी. इसके अलावा अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी.

जिलाधिकारी ने प्रक्रिया को पूरी कराने और किसानों की सुविधा को देखते हुए प्रत्येक गांव के लिए राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और अमीन को लगाया गया है. जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार, जेवर को समस्त कैंपों का प्रभारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिए गए है कि वह नायब तहसीलदार के साथ रोजाना गांवों का भ्रमण करेंगे. साथ ही तैयार की गई पत्रावलियों पर अपने हस्ताक्षर करेंगे.

किसानों की सुविधा को देखते हुए तीन अप्रैल को थोरा गांव के प्राथमिक विद्यालय-1, नीमका शाहजहांपुर, ख्वाजपुर, रामनेर, किशोरपुर, बनवारीबांस, पारोही एवं रोही के डॉ. अंबेडकर भवन पारोही, मुकीमपुर शिवारा, जेवर बांगर, साबोता मुस्तफाबाद के पंचायत भवन, दयानतपुर के सर्व हितकारी इंटर कॉलेज, अहमदपुर चौरोली के पंचायत भवन, बंकापुर गांव के डॉ. अंबेडकर भवन में कैंप आयोजित किए जाएंगे।

## उत्तराखंड की नई आबकारी नीति से रिकॉर्ड कमाई, 4570 करोड़ पार; 210 करोड़ की बढ़ोतरी



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में आबकारी नीति 2025-26 के सफल क्रियान्वयन के चलते राज्य सरकार को रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है. आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में इस वर्ष 210 करोड़ से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है और कुल राजस्व ?4570.50 करोड़ तक पहुंच गया है. यह अब तक का सबसे अधिक राजस्व संग्रह माना जा रहा है.

विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के सभी 13 जिलों में कुल 698 फुटकर मदिरा दुकानों का संचालन सफलतापूर्वक किया गया. खास बात यह रही कि इस दौरान किसी भी मदिरा अनुज्ञापी के खिलाफ वसूली की कार्रवाई नहीं करनी पड़ी और न ही किसी को डिफॉल्टर घोषित किया गया।

# कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

## नर्सरी से 11वीं तक के टॉपर्स को पुरस्कार देकर बढ़ाया उत्साह, अभिभावकों की उपस्थिति में मनाया गया परिणाम दिवस




**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय ने बताया कि नर्सरी से कक्षा 8, 9 और 11वीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की। साथ ही विद्यालय में पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान कराई गई विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को विस्तार से दी गई।

विशेष अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी से अदिति मिश्रा, आराध्या त्रिपाठी, आकृति पांडेय; एलकेजी से कृति, अपूर्वा पाठक, कृतिका सिंह; यूकेजी से देवांश वर्मा, रेहान खान, प्रनीत कुमार; कक्षा 1 से इशान्या वैश्य, नवनीत प्रताप सिंह, अविरुद्ध वैश्य; कक्षा 2 से अरहम कादरी, बिलावल हसन, लक्की कुमार; कक्षा 3 से अवनी सिंह, आरव केसरवानी, आरव केसरवानी (द्वितीय); कक्षा 4 से धैर्य सिंह, हयान गुप्ता, अभिषेक द्विवेदी; कक्षा 5 से इकरा सिद्दीकी, रूही तिवारी, रितिक सिंह; कक्षा 6 से ओजस सिंह, आस्था त्रिपाठी, रुकसार शेख; कक्षा 7 से आस्था मिश्रा, तृषा गुप्ता, साहिल सिंह; कक्षा 8 से सौम्या केसरवानी, अवनी केसरवानी, अमन राठौर; कक्षा 9 से उत्कर्ष त्रिपाठी, आयुष मिश्रा, वीर गुप्ता तथा कक्षा 11 से शशि वर्मा, वंश केसरवानी और अवंतिका मोदनवाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सभी मेधावी विद्यार्थियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है। अंत में शिक्षक इमरान अहमद ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, धर्मराज कुशवाहा, पंकज मिश्रा, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, अखिलेश पांडेय, दीपक केसरवानी, बृजेश मिश्रा, रीतु सुसारी, रेखा सिंह, रीना गोस्वामी, सिम्मी गुप्ता, ऊषा सिंह, प्रीति सेन, निहारिका सेन, अंजू गुप्ता, सीमा सिंह, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



# पांच ग्रामसभाएं बनीं टीबी मुक्त विधायक ने किया सम्मान

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा अंतर्गत पांच ग्रामसभाओं के क्षयरोग (टीबी) मुक्त होने पर बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने ग्रामप्रधानों को प्रमाण-पत्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं।

विधायक ने ओझा पट्टी के प्रधान भूपेश कुमार सिंह, रेही तालुका के प्रधान सुरेन्द्र कुमार, गड़ैया कला की प्रधान शान्ति कुरील, भिस्कुरी की प्रधान सुनीता देवी एवं खूझी के प्रधान आशीष कुमार पाल को सम्मानित किया। उन्होंने बारा विधानसभा के समस्त ग्रामप्रधानों व नागरिकों से अपील की कि वे अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाने हेतु सक्रिय प्रयास करें तथा किसी भी समस्या पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस अभियान में उनका सहयोग सदैव बना रहेगा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अंकिता पांडेय ने मुख्य अतिथि विधायक का स्वागत करते हुए टीबी उन्मूलन में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्रा, डॉ. सुरेश प्रसाद एवं डॉ. उदय राज के सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि विजय निषाद व फूलचंद पटेल, विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, ज्ञानेंद्र पाठक, दीप चन्द्र गुप्ता, आलोक पाठक,धीरज सिंह, रावेन्द्र तिवारी, पंकज मिश्रा, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का सम्पन्न




**सोरांव।** प्रत्येक माह की दो तारीख को आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक संपन्न की जाती है। जिसमें पार्टी का बढ़ते ग्राफ और पार्टी को मजबूर करने के लिए चर्चा परिचर्चा की जाती है। इसी को लेकर गुरुवार को सधनगंज स्थित प्राची रेस्टोरेंट में जिला प्रभारी तथा भावी विधायक आगामी विधान सभा प्रत्यासी सोरांव (सु.) डॉक्टर सुभाष सरोज तथा प्राची रेस्टोरेंट के संचालक तथा भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 34 एडवोकेट नरेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में आजाद समाज पार्टी की एक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष भोला नाथ पटेल ने पार्टी की नीतियों से सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अवगत कराया तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया गया। वहीं मंडल प्रभारी अशोक कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में बेदाग विधान सभा प्रत्यासी चयन को लेकर विस्तार से चर्चा। बैठक में अवधेश मौर्य ने बीजेपी छोड़कर दर्जनों साथियों के साथ एएसपी ज्वाइन किए। बैठक में मंडल प्रभारी डॉक्टर राशिद खान,प्रदेश सचिव नन्द लाल पासी,नीरज सरोज,विधान सभा अध्यक्ष अंकुर गौतम, जिला कार्यालय सचिव अनिल वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष तथा पूर्व प्रत्याशी पूर्व विधानसभा शाहिद अख्तर प्रतापपुर से महेश कुमार गौतम, महिला मंच विधानसभा अध्यक्ष धनपति देवी, राम बहादुर दीनानाथ गौतम रमेश कुमार श्याम जी वरिष्ठ कार्यकर्ता नागेंद्र कुमार पटेल, फैसल खान, निखिल आजाद, सूरज सरोज सहित सैकड़ो लोग रहे।

# हनुमान जयंती पर गूंजा सनातन का स्वर, 23वां श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

**बंगलौर से आए कथा व्यास कमल भाई जी ने कराया कथा का शुभारंभ, 10 अप्रैल तक चलेगा आठ दिवसीय महोत्सव**



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक एकता को समर्पित 23वां श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव का भव्य आगाज गुरुवार को भगवान रामेश्वरम वाटिका, शंकरगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। आठ दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव की शुरूआत हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भगवान हनुमान जी के वंदन और मंगलाचरण के साथ की गई।

बंगलौर से पधारे भक्तमाल कथा व्यास पूज्य श्री कमल भाई जी महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि सनातन धर्म में भाव सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक व्यक्ति का मन नाच जाए और उसका हृदय परिवर्तन हो जाए, तो कथा का उद्देश्य सफल हो जाता है। उन्होंने हनुमान जी को कलिकाल का भगवान बताते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्न करने के लिए पांच दोहा, एक दोहा या कम से कम श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप भी पर्याप्त है। महोत्सव में संत हरिनारायण रामानुज दास जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है, वहीं अमेरिका की धरती पर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने वाले परम पूज्य स्वामी नित्यानंद गिरि जी महाराज भी कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देंगे। कार्यक्रम के आयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, भक्ति संगीत, सांस्कृतिक संध्या, कवि सम्मेलन, विद्वान संतों के विचार और कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। साथ ही समाज, प्रशासन, कला और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।आयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र में आंध्यात्मिक वातावरण तैयार करेगा और लोगों को अपनी संस्कृति और भक्ति से जोड़ने का कार्य करेगा।महोत्सव का समापन 10 अप्रैल को महाप्रसाद भंडारे के साथ होगा।

# एन.एस.के. इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों के खिले चेहरे



**शंकरगढ़।** एन.एस.के. इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में गुरुवार को परीक्षा सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम (रिपोर्ट कार्ड) का भव्य वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे। परिणाम घोषित होते ही विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी और प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों की सफलता देखकर अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अगले सत्र में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक विजय शंकर मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, एल.एन. वर्मा, उत्तम सिंह बघेल, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप मिश्रा, संदीप सिंह, कमलाकर सिंह, राजेश सिंह, पुष्पराज सिंह, शिवेंद्र सिंह, रोहित सिंह, अनिल कुमार, सुमेश शुक्ला, कामिनी सिंह, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, माया सिंह, सोनाली पांडेय, हीरा पांडेय, प्रतिमा सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नव सत्र पर छात्रों का स्वागत, स्कूल चलो रैली से दिया शिक्षा का संदेश



देवरा डीह प्राथमिक विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते शिक्षक।

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय देवरा डीह में बुधवार को नवीन सत्र 2026-27 के प्रथम दिन नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर को फूल-पत्तियों व गुब्बारों से सजाया गया था, जिससे उत्सव जैसा माहौल रहा। इसके बाद स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों ने शैक्षणिक नारों से लिखी तख्तियां लेकर पूरे गांव में जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक अनिमेष श्रीवास्तव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। रैली में बालवाटिका व अन्य कक्षाओं के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया, जबकि रैली का संयोजन शालिनी और ममता ने संभाला।

# सर्वोदय बालिका विद्यालय में वर्तिका को मिला प्रवेश, शिक्षिका शैलजा मिश्रा प्रफुल्लित



छात्रा वर्तिका केशरी को उपहार भेंट करतीं शिक्षिका शैलजा मिश्रा

**लालगोपालगंज।** सैदाबाद विकास खंड में संचालित प्राथमिक विद्यालय बींदा के कक्षा 5 की छात्रा वर्तिका केशरी ने कौड़िहार ब्लाक के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण किया। बिटिया वर्तिका की इस कामयाबी पर परिवार ही नहीं, बल्कि विद्यालय के समस्त स्टाफ के खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। कक्षा अध्यापिका शैलजा मिश्रा ने वर्तिका केशरी को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी

संख्याः 07/न0पा0परि0मं0/2026 | दिनांक-02 अप्रैल 2026

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26**

**खुले में शौंच/यूरिनल न करें**

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र को अधिकारिक रूप से ओडीएफ+ घोषित किया जा चुका है।
- नगर क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वह शौंच/यूरिनल के लिए घरों में स्थित शौंचालय/यूरिनल अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्मित शौंचालय/यूरिनल का उपयोग करेंगे। खुले में कदापि शौंच/यूरिनल न करें।
- नगर क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति द्वारा खुले में शौंच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) में वर्णित प्राविधानों के अनुसार जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी। खुले में/सार्वजनिक स्थान पर शौंच करने पर 100 रू0 प्रति प्रकरण एवं खुले में/सार्वजनिक स्थान पर मूत्र विसर्जन करने या थूकने पर 100 रू0 प्रति प्रकरण का जुर्माना और यदि उक्त कृत्य दोबारा करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो 500 रू0 जुर्माना की राशि वसूली जायेगी।

**सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध सूचना**

भारत सरकार का राजपत्र संख्या-178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 में प्रकाशित अपशिष्ट नियम 2016 तथा भारत सरकार का राजपत्र संख्या-459 नई दिल्ली, 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 एवं सकार गजट उत्तर प्रदेश के 15 जुलाई 2018 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सीमान्तर्गत प्लास्टिक एवं थर्माकोल के सामग्री विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर नियमानुसार प्रतिबंध लागू है।

1. 120 माइक्रॉन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरीबैग और वस्तु 31 दिसम्बर 2022 से प्रतिबंधत है।
2. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबंधित है।

- पॉलीस्टाइरिन और विस्तारित पॉलीस्टाइरिन पस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल-प्रयोग-प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग का निषेध किया जायेगा।
- प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे कैडी स्टिक, आईसक्रीम की डंडिया, पॉलीस्टाइरिन (थर्माकोल) की सजावटी सामग्री।
- प्लेटे, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 120 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पी0बी0सी0 बैनर स्ट्रिर का भी 31 दिसम्बर 2022 से प्रयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करता हुआ पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना के निर्धारित व्यवस्थानुरूप वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

| | |
|---|---|
| **प्रतिभा सिंह**<br>**अधिशाषी अधिकारी**<br>**नगर पालिका परिषद**<br>**मंझनपुर, कौशाम्बी।** | **बीरेन्द्र कुमार**<br>**अध्यक्ष**<br>**नगर पालिका परिषद**<br>**मंझनपुर, कौशाम्बी।** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत एंडहरा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत एंडहरा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत आंगनवाड़ी भवन मरम्मत ह्यूमन पाइप द्वारा भूमिगत नाली का निर्माण विद्यालय आंगनबाड़ी भवन और पंचायत भवन में मरम्मत विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **गुलाब चंद्र**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत एंडहरा**<br>**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी** | **कमलेश कुमार**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत एंडहरा**<br>**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत आंगनवाड़ी भवन मरम्मत ह्यूमन पाइप द्वारा भूमिगत नाली का निर्माण स्कूल वा पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **नरगिस फातमा**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी**<br>**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी** | **कमलेश कुमार**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी**<br>**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत जलीलपुर बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत जलीलपुर बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 01:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **शकुन्तला देवी**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत जलीलपुर**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **अजीत प्रताप सिंह**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत जलीलपुर**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी परवेजाबाद बड़े गांव विकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 01:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **उर्मिला देवी**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **राहुल सिंह**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोरीपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत कोरीपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा

| | |
|---|---|
| **केशन प्रसाद चौधरी**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत कोरीपुर**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** | **कौशल किशोर सोनकर**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत कोरीपुर**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत धवाड़ा गोराजू बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत धवाड़ा गोराजू बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 3:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **मीरा देवी**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत धवाड़ा गोराजू**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** | **चंद्र प्रकाश पाण्डेय**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत धवाड़ा गोराजू**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत पलरा बैरमपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत पलरा बैरमपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 3:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **सुमित कुमार प्रजापति**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत पलरा बैरमपुर**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** | **अमित कुमार साहू**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत पलरा बैरमपुर**<br>**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत पक्सराई बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत पक्सराई बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 04 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 12 अप्रैल 2026 को 11:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **दीपा देवी**<br>**ग्राम प्रधान**<br>**ग्राम पंचायत पक्सराई**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **राजीव कुमार पाल**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम पंचायत पक्सराई**<br>**वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |

# जनगणना-2027 की तैयारी तेज, पहली बार डिजिटल माध्यम से होगा डेटा संग्रह

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बताया कि यह देश की पहली जनगणना होगी, जिसमें आंकड़ों का संग्रह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। प्रगणक विशेष मोबाइल एप के जरिए घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे, वहीं नागरिकों को वेब पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की सुविधा भी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण के तहत मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों को सचेत किया कि केवल अधिकृत जनगणना कर्मियों को ही व्यक्तिगत जानकारी दें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों की ड्यूटी प्रशिक्षण शुरू होने से पहले संबंधित पोर्टल पर दर्ज कर ली जाए। उन्होंने 30 अप्रैल से पहले प्रशिक्षण कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करें। साथ ही, संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी उनके कार्यक्षेत्र के पास ही लगाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि स्वगणना के तहत नागरिक पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिसके बाद प्राप्त आईडी प्रगणक को दिखाना होगा। बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज में डीएम ने क्रॉप कटिंग प्रयोग का किया निरीक्षण, 100 फीसदी लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों की उत्पादकता के आकलन के लिए किए जा रहे क्रॉप कटिंग प्रयोगों का निरीक्षण जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को सोरांव तहसील के बलकरनपुर गांव में किया। इस दौरान उन्होंने रबी सत्र 2025-26 की गेहूं फसल की कटिंग कराकर उत्पादन का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से भूमि के कुल रकबे, बोई गई फसल के क्षेत्रफल, पिछले वर्ष की तुलना में पैदावार और बाजार मूल्य के बारे में जानकारी ली। क्रॉप कटिंग प्रयोग के तहत 10 मीटर के समबाहु त्रिभुज में किए गए आकलन के आधार पर ग्राम पंचायत बलकरनपुर में गेहूं की उत्पादकता 38.09 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंकी गई।

डीएम ने जिले में चल रहे क्रॉप कटिंग प्रयोगों की प्रगति की समीक्षा करते हुए फसलवार और तहसीलवार लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एग्री ऐप की रिपोर्ट के अनुसार सोरांव और हंडिया तहसीलों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, जिस पर तेजी लाने की जरूरत है।

क्रॉप सर्वे की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में अब तक 12.25 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम प्रधान से गांव की समस्याओं और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों की जानकारी भी ली। उन्होंने राजस्व टीम बनाकर ऐसे कब्जों को हटाने और अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोरांव, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, फसल बीमा से जुड़े अधिकारी, पंचायत व राजस्व विभाग के कर्मचारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती पर सुंदर कांड एवं कीर्तन का आयोजन



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर कलना गांव में हिंछलाल शुक्ला के निवास पर प्राचीन हनुमान मंदिर में परिजनों ने हर्षोल्लास के साथ बजरंगबली की पूजा-अर्चना की आरती किया। भक्तों ने हनुमान जी की प्रतिमा में सिंदूर, चमेली का तेल, चोला और लड्डू अर्पित किया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुंदरकांड का पाठ कर संकटमोचन से सुख-समृद्धि की कामना किया गया, उदया तिथि में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया एवं आरती प्रसाद वितरण किया गया। परिजनों में दिनेश शुक्ला, अजय देवी, कमलेश शुक्ला, किरन देवी, विमलेश शुक्ला, अन्नू देवी, रोहित शुक्ला, रश्मि देवी, शालू पांडेय, प्राची तिवारी, सौम्या दुबे, पायल, ज्योति, नीतू, खुशी, शिक्षा, दिवांशी, शुभम शुक्ला, शिवम शुक्ला, अतुल शुक्ला, कृष्णा शुक्ला, अनिकेत आर्यन शुक्ला आदि लोगों द्वारा पूजन अर्चन? किया जाता है।

## महावीर विनवउं हनुमाना, राम जासु जस आप बखाना



**जंघई।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्राचीन बालाजी मंदिर भेलखा प्रांगण में सुंदर कांड एवं प्रसाद का आयोजन शुभम पांडेय एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुंदर काड, हनुमान चालीसा का पाठ, भजन, कीर्तन कर पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। सहयोगियों में गरुण पांडेय, मुकेश तिवारी, शिवम पांडेय, मुकेश पांडेय, आशीष तिवारी भोगीपुर, चंदन शुक्ला, मोनू पांडेय, अशोक पांडेय, सूरज गुप्ता, रिंकू सिंह, गंगाधर शुक्ला, रत्नेश दुबे, प्रेम शंकर गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुशील पाल, पिंटू पाल, नीरज गौड़, पवन गौड़, संदीप शुक्ला, मोनू तिवारी, ललित दुबे, नीरज तिवारी, शिवराम बिंद आदि लोग मौजूद रहे।

## स्कूल चले हम अभियान के तहत जागरूकता रैली एवं नामांकन अभियान का आयोजन



**सोरांव।** प्राथमिक विद्यालय बिगहियां में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नामांकन वृद्धि हेतु जागरूकता रैली एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों ने हर बच्चा स्कूल जाए, देश का भविष्य बन जाए और चलो स्कूल हम जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ गांव में जनजागरूकता फैलायी। विद्यालय परिसर में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया तथा नव नामांकित बच्चों एवं अभिभावकों का रोली-चंदन टीका लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय को गुब्बारों एवं बैनरों से सजाया गया जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और आनंद का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर ए आर पी रीता शर्मा ने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है। शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है और स्कूल चले हम अभियान इसी उद्देश्य को पूरा करने का माध्यम है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराकर नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं नैतिक गतिविधियों से भी जुड़ सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। उपस्थित शिक्षकगण अल्पना सिंह प्रधानाध्यापिका, व माधुरी गुप्ता, कल्पना देवी सहायक अध्यापिका, अंकित पांडे सहायक अध्यापक, निवेदिता सहायक अध्यापिका, रितिका पांडेय सहायक अध्यापिका उपस्थित रहीं ।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का ईद मिलन समारोह, कवि सम्मेलन व मुशायरे ने बांधा समां



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर में गुरुवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से ईद मिलन समारोह के तहत ह्लगंगा-जमुनी महोत्सवद्ध का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें साहित्य, संस्कृति और सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति (डॉ.) गौतम चौधरी मौजूद रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद और न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला ने शिरकत कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों और शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में श्रीरंग पाण्डेय, सत्यपाल सानंद, प्रांजलि दीक्षित, लोटा मुरादाबादी, सुल्तान सिंह सुल्तान, प्रकाश निर्मल, जावेद शोहरत, वसीम मंजर गोरखपुरी, मुकेश मासूम, अकलम बलरामपुरी, अनीता अनुश्री और सुजीत जायसवाल समेत अन्य रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कविता और शायरी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक विविधता और मानवीय मूल्यों जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। आयोजन के जरिए गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को मजबूती देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ज्ञान भारतम् मिशनः प्रयागराज में पांडुलिपियों के संरक्षण को लेकर मंथन, डीएम ने मांगे सुझाव

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ज्ञान भारतम् मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन के प्रथम चरण के तहत जनपद में पांडुलिपियों के चिन्हीकरण और संरक्षण पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों को खोजकर संरक्षित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ऐसे लोगों से अपने अनुभव साझा करने की अपील की, जिन्हें पांडुलिपियों के बारे में जानकारी है, ताकि इस विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने मिशन के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से आए प्रतिनिधियों ने पांडुलिपि सर्वेक्षण को लेकर अपने सुझाव रखे। सिविल डिफेंस से जुड़े अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रयागराज से सटे कौशांबी और रीवा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पांडुलिपियां मौजूद हैं, जिनका सर्वेक्षण आवश्यक है। तीर्थ पुरोहित संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने कहा कि प्रयागवाल समाज के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी वंशावलियां और ग्रंथ सुरक्षित हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग से जुड़े प्रो. अनिल प्रताप गिरि ने सुझाव दिया कि गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण किया जाए, क्योंकि मंदिरों, मठों, मस्जिदों और मदरसों में आज भी कई हस्तलिखित ग्रंथ सुरक्षित हैं। वहीं, हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके संस्थान में करीब 12 हजार पांडुलिपियां हैं, जिनका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से मिशन के प्रचार-प्रसार को गति दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद और सामाजिक संगठन के सदस्य मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

## पति-पत्नी विवाद में मायके पक्ष का हमला, तीन घायल, पांच पर केस दर्ज

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बडगोहना खुर्द में बुधवार को पति-पत्नी के बीच हुए घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के बाद पत्नी ने अपने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पति व उसके परिजनों की पिटाई कर दी। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक अज्ञात सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बडगोहना खुर्द निवासी शुभम पुत्र रामबाबू भारतीय की शादी दो वर्ष पूर्व नैनी क्षेत्र के सरपतहिया निवासी सुहानी से हुई थी। बुधवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद मामला बढ़ गया। आरोप है कि शुभम ने सुहानी की पिटाई कर दी, जिससे नाराज होकर उसने अपने मायके पक्ष को बुला लिया। कुछ ही देर में मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और शुभम के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची शुभम की मां सोना देवी और पड़ोसी राधा भी हमले में घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मेजा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

बच्चों की यह बड़ी सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का है परिणाम : अमरेश तिवारी

**स्कूल में शिक्षारत कक्षा एक की छात्रा आर्या मौर्या ने पूरे स्कूल में टॉप कर रचा इतिहास,स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए किया उज्जवल भविष्य की कामना**

अखंड भारत संदेश



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं को सम्मानित करते स्कूल के डायरेक्टर

**मेजा।** मेजा पब्लिक स्कूल के शिक्षा सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहद उत्साह और उल्लास पूर्ण वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के डायरेक्टर अमरेश तिवारी ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विभिन्न कक्षाओं में बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत का परिचय दिया है। इस मौके पर सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डायरेक्टर अमरेश तिवारी ने सभी बच्चों को बधाई दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की लगन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जो बच्चे मनमुताबिक अंक नहीं ला पाए हैं, वे निराश न हों और अगले सत्र में नई ऊर्जा के साथ मेहनत करें और आगे का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने सभी कक्षाओं के टॉप 5 होनहार छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया,साथ ही कक्षा एक की छात्रा आर्या मौर्या को स्कूल टॉप पोजिशन हासिल करने पर विशेष इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं और उनके अभिवावकों के अलावा शिक्षक ओम शंकर मिश्रा, सुभाष पांडेय,रजनीश तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, आकाश गोस्वामी, राजन दुबे, शुशील प्रजापति व शिक्षिकाएं सच्ची पांडेय,आभा मिश्रा, कविता गुप्ता,आकांक्षा मिश्रा, अंकिता तिवारी, शालिनी मौर्या, आस्था मिश्रा तथा मीनाक्षी शुक्ला आदि के अलावा कई अन्य शिक्षक गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विद्वान भाइयों के समर्थन और आशीर्वाद से दुलेरुवा के सिर पर बंधेगा मंत्री का ताज : कृष्णाकांत

तहसील और जनपद न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार व्यापक जनसंपर्क के साथ मंत्रीपद के प्रबल दावेदार प्रत्याशी मनोज शुक्ला के समर्थन में की इंट्री कहा मनोज के नेतृत्व में मेजा बार का होगा कायाकल्प

अखंड भारत संदेश



गुरुजनों और सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ जनसंपर्क करते मंत्रीपद के प्रत्याशी मनोज शुक्ला

**मेजा।** तहसील और जपपद न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता साथियों के समर्थन और आशीर्वाद से मेजा बार एसोसिएशन के चुनावी रणभूमि के महासंग्राम में मंत्री पद हेतु संघर्ष कर रहे युवा दुलेरुवा अधिवक्ता के सिर पर ताज बंधेगा और अस्त व्यस्त पड़े बार का कायाकल्प किया जाएगा। उक्त उदगार मेजा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित कृष्णाकांत त्रिपाठी (केके गुरु) ने गुरुवार को स्वयं के नेतृत्व और मार्गदर्शन वाली अधिवक्ता टीम के साथ तहसील परिसर में व्यापक जनसंपर्क करते हुए व्यक्त किए।

उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन मेजा की नई कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के गठन हेतु आने वाले 10 अप्रैल को चुनाव होना है। ऐसे में अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए अलावा अन्य पदों के लिए कई दावेदार प्रत्याशी चुनावी मैदान मैदान में हैं और सभी प्रत्याशी पूरी शिद्दत के साथ चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जी जान से लगे हुए हैं। बता दें कि बार के इस चुनाव में सबसे कम उम्र के मंत्री पद के प्रत्याशी मनोज कुमार शुक्ला भी अपने सीनियर गुरुजनों और जूनियर अधिवक्ता साथियों के समर्थन और आशीर्वाद से प्रबल दावेदारी में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि मेजा के चुनावी रणभूमि में सभी प्रत्याशियों की तुलना में बेशक दुलेरुवा प्रत्याशी की उम्र कम है लेकिन मनोज शुक्ला तहसील के बड़ा चेहरा हैं। सीधे सादे स्वभाव के श्री शुक्ला पर उनके सर्वाधिक प्रिय कहे जाने वाले गुरु केके त्रिपाठी, वीके त्रिपाठी,सुशील त्रिपाठी,राजू उर्फ आशुतोष पांडेय,गायत्री प्रसाद पांडेय,अनिल त्रिपाठी, मोनू त्रिपाठी तथा आदित्य प्रसाद पांडेय जैसे गुरुओं का उनके ऊपर आशीर्वाद और समर्थन है। जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है एक एक कर उनके सीनियर दिग्गज गुरुजनों की धमाकेदार इंट्री हो रही है जिससे चुनावी हलचल जहां और बढ़ गई है वहीं श्री शुक्ल की जीत भी लगभग तय मानी जा रही है। देखा जाय तो युवा प्रत्याशी के समर्थन और जनसंपर्क में काफी बढ़चढ़ कर प्रचार प्रसार में कूदे श्री शुक्ल के उक्त सभी सीनियर गुरुजनों ने जनसंपर्क में अपनी पूरी ताकत झोंक दिए हैं और दावा कर रहे हैं कि तहसील और जनपद न्यायालय के विद्वान साथियों के समर्थन एवं आशीर्वाद से आगामी दस अप्रैल को युवा दुलेरुवा के ही सिर पर मंत्री पद का ताज बंधेगा और अस्त व्यस्त हालात में पड़े बार का नए सिरे से कायाकल्प होगा।

## न्यूज झरोखा

### अरैल में पहुंचे महापौर शवदाह का जल्द होगा शिलान्यास



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल में प्रस्तावित शवदाह स्थल के सीमांकन हेतु संबंधित अधिकारियों को महापौर गणेश केसरवानी ने आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य नैनी क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है जिसे पूरी ईमानदारी, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ संपन्न कराया जाएगा। महापौर ने शवदाह भूमि दान करने वाले समाजसेवी बबलू पांडे के इस सराहनीय योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने इसे एक पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि यह मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी बताया कि नैनी क्षेत्र में अब तक शवदाह की समुचित व्यवस्था नहीं थी जिसे ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। महापौर ने जानकारी दी कि शीघ्र ही शिलान्यास कार्यक्रम की घोषणा कर विधिवत भूमि पूजन कराया जाएगा ताकि आम जनता को इस सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, पार्षद अनूप पासी, अमित पांडे, विवेक पुरी, कार्तिकेय पुरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 16 घंटे बाधित रहेंगी ऑनलाइन बिजली सेवाएं, उपभोक्ता 3 अप्रैल तक जमा करें बकाया बिल

**सहसों।** विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान शीघ्र कर लें, ताकि उन्हें निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 4 अप्रैल को निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। अवर अभियंता, मलावां विद्युत उपकेंद्र इंद्रसेन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरएमएस बिलिंग प्रणाली में मेंटेनेंस एवं कंफीग्रेशन कार्य के कारण 3 अप्रैल रात 10:00 बजे से 4 अप्रैल दोपहर 2:00 बजे तक लगभग 16 घंटे के लिए सभी ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह बाधित रहेंगी। इस दौरान उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पर बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जनरेशन और लोड बढ़ाने जैसी सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर बकाया बिल है, वह 3 अप्रैल तक अपना भुगतान अवश्य कर लें, अन्यथा उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए समय रहते बिल जमा कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### सहसों में छात्र-छात्राओं को मिला प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र एवं स्वरोजगार की राह पर बढ़ने का संदेश



**सहसों।** एकल अभियान आदर्श संच सहसों में एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंप्यूटर प्रशिक्षण के 28 (बीसीसी) एवं सिलाई प्रशिक्षण के 21 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि सह प्रभारी पवन शुक्ला ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अब व्यावसायिक रूप से कंप्यूटर एवं सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से अपने जीवनयापन में सक्षम बन सकेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकते हैं। संस्था के माध्यम से दिए जा रहे इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर विजय, कंप्यूटर ट्रेनर अभिषेक, सिलाई ट्रेनर सपना एवं साधना कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पिचिंग निर्माण को लेकर लगाए गए आरोप निराधार, कार्य गुणवत्ता के साथ जारी

**करछना।** टोंस पम्प नहर प्रखंड के अंतर्गत राजबहा बडहा से पिपरहटा तक चल रहे पिचिंग निर्माण कार्य को लेकर लगाए गए अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों को स्थानीय लोगों ने पूरी तरह निराधार बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कार्य में प्रयुक्त सामग्री भी निर्धारित मानकों के अनुसार है और निर्माण की नियमित निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक किसी प्रकार की आधिकारिक शिकायत नहीं की गई है और काम को लेकर संतोष का माहौल है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कुछ लोग बिना तथ्यों के अफवाह फैलाकर विकास कार्यों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे भ्रामक आरोपों पर ध्यान न देने तथा कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने की अपील की है।

### मकान निर्माण के समय विपक्षियों ने दम्पत्ति को मारे पीटे मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मकान निर्माण कराते समय विपक्षियो ने एक राय हो कर हाथ मे लाठी डंडे लेकर दंपति को मार पीट का जख्मी कर दिए।पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जीतराय पूरे भावा निवासी तेज बहादुर का आरोप है कि वह अपने पुश्तैनी जर्जर भवन को गिरा कर दोबारा निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा लेकर उसे और उसकी पत्नी मीनू सिंह को दौडा कर मारे पीटे और जान बचाकर टीन के सेट के में चले गए तो वहां भी मारे पीटे और गालियां देते हुए धमकी दी गई।तेज बहादुर ने मऊआइमा थाना में बालेन्द्र सिंह, बालेश्वर सिंह,निर्मला सिंह,रिया सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती,18 का चयन, 3 पद रिक्तः

**मांडा ब्लॉक में योग्य अभ्यर्थी न मिलने से प्रक्रिया अधूरी**

**मांडा।** ब्लॉक में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कुल 21 केंद्रों में से 18 पर सहायिकाओं का चयन पूरा हो गया है, जबकि तीन केंद्रों पर योग्य अभ्यर्थी न मिलने के कारण पद रिक्त रह गए हैं। सीडीपीओ रमेश कुमार ने बताया कि चयनित सहायिकाओं को जल्द ही औपचारिक कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सीडीपीओ रमेश कुमार के अनुसार, बभनी हेठार, बनवारी तृतीय, बसकड़ी द्वितीय, बेदौली द्वितीय, भरारी प्रथम, भवानीपुर द्वितीय, भौसरा नरोत्तम प्रथम, चकडीहा द्वितीय, चिलबिला प्रथम, धरांव गजपति प्रथम व द्वितीय, धरांवनारा प्रथम, खुरमा, साड़ी उमान, सोनबरसा द्वितीय, सुरवां दलापुर द्वितीय, उमापुर प्रथम और उंचडीह तृतीय केंद्रों पर सहायिकाओं का चयन किया गया है। वहीं, भवानीपुर, मसौली और बेलाअहिरान केंद्रों पर क्रमशः अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अनारक्षित श्रेणी के लिए पद आरक्षित थे। इन पदों के लिए संबंधित वर्ग के योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त नहीं हुए, जिसके कारण चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। विभाग ने बताया कि रिक्त पदों पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चयनित सहायिकाओं को जल्द ही कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

### पार्षद व भाजपा नेताओं ने पावर हाउस पर किया विरोध प्रदर्शन

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जेल रोड पावर हाउस में अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की घटना को लेकर गुरुवार को क्षेत्रीय पार्षदों, भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने जोरदार घेराव किया। यह मामला उस समय तूल पकड़ लिया जब गरीब मजदूर रुपचंद सिंह की शिकायत पर स्मार्ट मीटर न लगाए जाने के बाद उसकी केबल काट दी गई थी। बताया गया कि 25 मार्च को इस संबंध में शिकायत करने पहुंचे पार्षद रणविजय सिंह डब्बू एडवोकेट व भाजपा नेता नरसिंह के साथ अवर अभियंता और उनके संविदा कर्मियों ने अभद्र व्यवहार किया। प्रशासन और विद्युत अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से नाराज लोगों ने गुरुवार को दोपहर मे पावर हाउस का घेराव किया। घेराव में नैनी क्षेत्र के पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में जेई और संविदा कर्मियों के निलंबन की मांग की। भीड़ अधिक होने पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने फोन के माध्यम से हस्तक्षेप किया। उनके आश्वासन पर अवर अभियंता और अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। साथ ही अधिशासी अभियंता ने 10 दिनों के भीतर संबंधित जेई और संविदा कर्मियों के स्थानांतरण का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और शांतिपूर्वक वापस लौट गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर नरसिंह ने किया। घेराव में पार्षद सोनू यादव, मंचो सिंह, राजा भारती, राकेश जयसवाल, दिलीप केसरवानी, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे शिवनारायण यादव, प्रेम शंकर यादव, माया देवी, हरे कृष्णा तिवारी बबलू, दिनेश पटेल आदि रहे।

# संपर्क मार्ग का भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ निर्माण कार्य



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत गड़वारा अंतर्गत डंगरी वार्ड में ह्लडंगरी शिव मंदिर से भदौसी संपर्क मार्गह्व लंबाई 900 मीटर का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य उपस्थित रहे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अन्तू राजाराम वैश्य ने की। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ निर्माण उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जिन मार्गों की स्थिति लंबे समय से खराब थी, उन्हें चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से सुधार एवं निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे और इसके लिए सड़कें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कार्यक्रम के दौरान मण्डल अध्यक्ष अन्तू राजाराम वैश्य ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रस्ताव पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पूर्व में स्वीकृत 18 सड़कों के अतिरिक्त तीन और महत्वपूर्ण संपर्क मार्गोंकृ डडवा गांव से गायत्री मंदिर, बेहड़ा से रैबी-रजानीपुर तथा कल्याणपुर से आशापुर मिश्रान को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों की स्वीकृति क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नवीन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शिव विलास उमर वैश्य,सभासदगण अविनाश सरोज, विवेक त्रिपाठी, देवव्रत सिंह, बृजेश सिंह, सुधीर वर्मा, शिवम पांडेय, राजकुमार पांडेय, नंदलाल सरोज, हरिकेश मौर्य, गुड्डु विश्वकर्मा, अजय सरोज, ओमप्रकाश जायसवाल, हरिश्चंद्र सोनकर, महेश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष गौरी शंकर मिश्रा, सुधीर मोदी,कृष्ण भगवान मिश्र, मण्डल मंत्री सत्यप्रकाश मिश्र, अंजनी पांडेय,मण्डल उपाध्यक्ष राहुल वैश्य,मनोज श्रीवास्तव सहित आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के जगतपुर ऐधा में मंगलवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के ऐधा गांव मे 31 मार्च 2026 की रात लगभग 10 बजे गांव में गेहूं से लदे मैजिक द्वारा दूसरे पक्ष के बिजली का केवल टूट जाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर मारपीट और गाली गलौज किया। घटना की सूचना मिलते ही महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस के जरिए सीएचसी भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, मामले में दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गड्ढों में तब्दील सड़क बन रहा हादसों का कारण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** पट्टी से रानीगंज को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली की मार झेल रहा है। सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि आए दिन लोग इन गड्ढों की वजह से हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के बाद से सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। कई बार राहगीरों को गंभीर चोटें भी आ चुकी हैं।इसके बावजूद संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मौन बने हुए हैं। न तो सड़क की मरम्मत की कोई ठोस पहल दिखाई दे रही है और न ही समस्या के समाधान की दिशा में कोई कार्रवाई हो रही है।

मामले में स्थानीय निवासी अरुण यादव, कृपा शंकर, विजय, गुड्डू, राकेश और प्रदीप समेत अन्य लोगों ने सड़क की जल्द मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओपी चैरसिया ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर शासन को पत्र भेजा जा चुका है। बजट की स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## न्यूज झरोखा

### भगवान श्रीकृष्ण की आराधना सत्य से प्रेम का संदेश : पं0 सर्वेशपति



**लालगंज।** बाबूगंज के समीप समापुर गांव में श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को कथाव्यास पं0 सर्वेशपति त्रिपाठी ने कहा कि भगवान की कथा का श्रवण सुमंगल सौभाग्य हुआ करता है। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि कथा को सुनकर जीवन को सत्य मार्ग पर आगे बढ़ाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। उन्होने बताया कि भगवान के प्रति निर्मल भाव सदैव फलीभूत हुआ करता है। पं0 सर्वेशपति ने कहा कि भगवान कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अधर्मियों का विनाश किया। उन्होने कहा कि भगवान कृष्ण ने सत्य के मार्ग पर अड़िग रहने की प्रेरणा अपने लीलावतार में दी है। उन्होने कहा कि भगवत भजन से जीवन के सभी संताप स्वयं मिट जाया करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान को भक्ति और भक्त का निर्मल भाव सदैव स्वीकार्य हुआ करता है। कथा के दौरान भजन व संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को गोविन्द नारायण के जयघोष में आनंदित देखा गया। संयोजक रामप्रकाश मिश्र व शशी मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन रामू मिश्र ने किया। सह संयोजक चंद्रप्रकाश मिश्र व राजाराम मिश्र ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। इस मौके पर बच्चा मिश्र, रामनरेश सिंह, शिवकुमार जायसवाल, ज्ञानप्रकाश मिश्र, राजाराम, घनश्याम, राजेश शुक्ला, कमलेश सिंह, गिरधारी लाल वर्मा, पिंटू मिश्र, रामलखन भारती आदि रहे।

### ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित हनुमान मंदिर में चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार को पौराणिक स्थल बेलखरनाथ धाम में स्थिति हनुमान मंदिर में पप्पू गिरि की देखरेख में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इसी तरह उडैयाडीह बाजार मंगरू सोनी के हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया।डडवा महोखरी के साई कुटी पर हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजित हुआ।व्यापार मंडल शीतलागंज द्वारा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकाण्ड पाठ हवन के बाद हलुआ पूड़ी का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया ।इसी तरह से दिलीपपुर बाजार समीप रसोईया गांव में हनुमान मंदिर पर विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद देर शाम से भंडारे का आयोजन किया गया। पिपरी खालसा में डा. आर के द्विवेदी के संयोजकत्व में हनुमान जयंती पर प्रसाद वितरित किया गया । इस दौरान बद्रीनाथ गिरी, प्रदीप जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, शंकर जायसवाल, विनोद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, विकास सिंह, लालता प्रसाद सोनी आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर न लगने से छात्रो व शिक्षकों को परेशानी, डीएम से शिकायत

**प्रतापगढ़।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर न लगने की वजह से प्राथमिक विद्यालय भुपियामऊ के छात्रों व अध्यापकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त आशय का आरोप भुपियामऊ के पूर्व प्रधान आलोक कुमार सिंह एडवोकेट ने गुरुवार को जिला अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में लगाया है। आलोक सिंह ने आरोपित किया है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी आज तक कार्यवाही को अमल में नहीं लाया गया है, जबकि विद्युत विभाग द्वारा स्थलीय जांच कराकर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर आवंटित हुआ था। शिकायती पत्र पर विद्युत विभाग के एक्ससियन को नियमानुसार कार्यवाही कर आख्या देने का आदेश दिया गया है।

### पिटाई के मामले में पांच के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** मंगलवार की शाम दुकान पर कहासुनी के दौरान हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच के विरुद्ध दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी विनोद कुमार रजक का छोटा बेटा गांव मे किराने की दुकान पर सामान खरीदने गया था।उस दौरान गांव के दो युवकों से कहासुनी हो गई। दो घंटे के बाद विनोद की पत्नी रुपा व दोनों बेटे अनुज,व अनूप खेत में गेहूं का बोझ बांध रहे थे इसी दौरान चार मोटरसाइकिल से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए विनोद की पत्नी व बेटों की लोहे के पंच,बेल्ट व डंडे से पिटाई कर दी।जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम भेजा जहां हालत गंभीर होने सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार को विनोद रजक की तहरीर पर कंधई पुलिस ने नरसिंहपुर गांव के कैश, जीशान,समीर उर्फ अबुसान,बाबू उर्फ अरमान,अनस उर्फ आदिल के खिलाफ दलित उत्पीड़न जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि नरसिंहपुर गांव में मंगलवार रात गेहूं बांधने के दौरान मां व उसके दो बेटों पर आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला के साथ जातिसूचक गालियां देने के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में घर के समीप युवक की मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा गांव निवासी पैंतालिस वर्षीय जीतलाल वर्मा पुत्र ननकू वर्मा बुधवार की रात कुछ लोगों के साथ घर से लालगंज बाजार गया था। सुबह परिवार के लोगों ने घर से कुछ दूर उसे मृत हालत में देखा। घटना संदिग्ध देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने छानबीन के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। गुरूवार की शाम पीएम के बाद परिजनों ने शव का श्रृंगवेरपुर में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के दो पुत्र राहुल व प्रियांशु व एक पुत्री श्रेया है। घटना के बाद पत्नी उर्मिला का रो रो कर बुराहाल हो गया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि सूचना पर शव का पीएम कराया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सूबेदार मेजर संतोष अध्यक्ष व सूबेदार विनोद मिश्र बने महासचिव



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का एक बैठक केशव कुंज संघ कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस मौके पर परिषद के समस्त सदस्य गण मौजूद रहे। आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश,काशी प्रांत के अध्यक्ष रेवती रमण त्रिपाठी व महासचिव सुदीप मिश्र की मौजूदगी में सर्वसम्मति जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला कार्यकारिणी में सूबेदार मेजर संतोष मिश्र को अध्यक्ष व सूबेदार विनोद मिश्रा को महासचिव, सूबेदार मेजर किशोर कुमार पांडेय,कैप्टन प्रमोद पांडेय, सूबेदार राम सिंह पनियारी को उपाध्यक्ष,नायक सूबेदार आर0 ए0 सिंह को सचिव,नायक सूबेदार संतोष सिंह को कोषाध्यक्ष एवं सूबेदार केएन त्रिपाठी को सह कोषाध्यक्ष नामित किया गया।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि राष्ट्र सेवा ही सर्वोपरि धर्म हमारा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सेवानिवृत हुए सैनिकों थल,जल और वायु तीनों सेनाओ के सैनिकों का एक संगठन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा लगाने के साथ-साथ समाज में चलने वाले विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अपने संगठन खड़े करके और राष्ट्र सेवा के व्यक्ति की पाठ पढ़ाता है और जन सेवा का संदेश देते हुए सम्पूर्ण समाज को जोड़कर चलने का कार्य करता है।

## तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से शिकायत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के बैजलपुर गांव में तालाब (तलबी) की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव निवासी बृजेश कुमार पांडे ने गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार गाटा संख्या 1002 व 1011 तालाब खाते की भूमि है, जहां पूर्व में तालाब मौजूद था और आसपास के पशु-पक्षी उसी से पानी पीते थे। आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति इस सार्वजनिक भूमि पर कंटीले तार लगाकर कब्जा कर रहा है। इतना ही नहीं, उसने वहां छप्पर डालकर निर्माण जैसा रूप दे दिया है और पेड़ों की कटाई भी की जा रही है। बृजेश कुमार पांडे ने जिलाधिकारी से तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराकर मूल स्वरूप बहाल कराने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# विवाहिता ने सास-ससुर पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के ठेगुआ गांव की एक विवाहिता ने अपने सास-ससुर पर शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़िता देवकी का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। उसका कहना है कि सास और ससुर द्वारा उसे जबरन खेतों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। कड़ी मेहनत के बावजूद उसे पर्याप्त भोजन और आराम तक नहीं दिया जाता। जब वह खाने-पीने या आराम की बात करती है तो उसके साथ मारपीट की जाती है और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। उसे बार-बार घर छोड़कर चले जाने और पति से तलाक लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस तरह की धमकियों और व्यवहार से वह काफी भयभीत और मानसिक रूप से परेशान है। गुरुवार को पीड़िता कोतवाली पहुंची और पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सास-ससुर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उसने पुलिस से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त होते ही मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत मिली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई जा रही है।

## पुश्तैनी रास्ता बंद होने से ग्रामीण परेशान, एसडीएम से लगाई गुहार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गंधियावा गांव में पुश्तैनी रास्ता बंद किए जाने का मामला सामने आया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी सिंम्पी सिंह, रीमा सिंह, कमल सिंह, खुशबू सिंह, विमल सिंह, शिव बहादुर सिंह व रामचंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि उनके आने-जाने का पुश्तैनी रास्ता गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है। रास्ता बंद होने से दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे एसडीएम पट्टी को शिकायती पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की।इस संबंध में एसडीएम पट्टी पूरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराते हुए जल्द ही रास्ता खुलवाने की कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ पूजन अर्चन भण्डारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिरों व जगह जगह भगवान हनुमान जी महराज की पूजा आराधना भक्तिभाव में दिखी। लालगंज के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित श्री हनुमत निकेतन धाम मन्दिर का फूलों से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को मन भाया। वहीं जगह जगह हनुमान जयंती पर सामूहिक भण्डारे तथा श्रीहनुमान चालीस एवं सुन्दरकाण्ड के मनोहारी पाठ में भी बजरंगबली का जयघोष गूंजता दिखा। प्रतापगढ़ रोड पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में हुए भण्डारे मे राहगीरों व व्यापारियों ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। यहां विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजू द्विवेदी, ऋषि द्विवेदी, चंदन पाण्डेय आदि भी भक्तों की सेवासंगत में जुटे दिखे। सूर्य नारायण मार्केट में राजेश मिश्र के संयोजन में भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के संगम चैराहे के समीप हुए भण्डारे का संयोजन अनूप पाण्डेय, रिंकू पटवा व ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने किया। श्रीहनुमत निकेतन धाम में सदाशिव जायसवाल तथा ब्रजघोष ओझा के संयोजन में प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर के समीप विजय कौशल के संयोजन में राहगीरों को हनुमान जन्मोत्सव पर शरबत पिलाया गया। रायबरेली रोड पर परमानंद आश्रम हरिहरमंदिरम में पुजारी अशोक तिवारी के संयोजन में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रसाद चखा। तहसील परिसर स्थित हनुमान जी के मंदिर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह के संयोजन में भजन संकीर्तन व प्रसाद वितरण में अधिवक्ताओं व कर्मचारियों की उत्साहजनक सहभागिता दिखी। नगर के भभया नगर में हुए भण्डारे में भी देर शाम तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। यहां पूजन अर्चन का संयोजन राजकुमार मिश्र पहलवान, ज्ञानू तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, छोटेलाल सरोज, हृदय पाण्डेय ने किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली की भव्य आरती उतारी। अतुल मिश्र चंदन, आलोक सिंह, उपेन्द्र मिश्र, करूणा सागर तिवारी, अंकुर सिंह, नागेश मिश्र के संयोजन में हुए भण्डारे में बाबा धाम में आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी करपात्री जन्मस्थली भटनी में भी हनुमान जयंती पर शरबत वितरण किया गया। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान की ओर से हनुमान जी का विधिविधान से पूजन हुआ। कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, बाल मुकुन्द, अनुराग तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, अरूण मिश्र, आदर्श तिवारी, अर्पित तिवारी, यश शुक्ला, विशाल तिवारी, विकास सिंह आदि ने किया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई, मेधावी हुए पुरस्कृत



**प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के कंपोजिट विद्यालय रामपुर बावली में गुरूवार को विदाई समारोह एवं छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र के शिक्षक शैलेन्द्र नाथ शुक्ल व पूरे वासी की शिक्षिका सुधा मिश्रा को अंगवस्त्रम प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को याद किया। उन्होने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह जीवन भर सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों को मेडल व प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली मीनाक्षी पुष्पाकर को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र नाथ शुक्ल व संचालन शिक्षक पंकज त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आनन्द सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय, देवेश त्रिपाठी, रेनू सिंह, विजय आनन्द मिश्र, राधेकृष्ण तिवारी, नवीन कुमार, अजय सिंह, दिलीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## नशेड़ी बेटे ने मां-बाप को पीटा, बहन का पैर भी तोड़ा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव में एक नशे के आदी युवक ने हैवानियत की हद पार कर दी। नशे में धुत होकर घर पहुंचे युवक ने अपनी ही सगी बहन पर लाठी-डंडों से हमला कर उसका पैर तोड़ दिया। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए मां-बाप को भी बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घटना से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़िता हीरावती पत्नी राम लवट ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनका बेटा शेर बहादुर लंबे समय से नशे का आदी है। बुधवार रात करीब 9 बजे वह नशे में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर अपनी बहन निशा से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने निशा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसका पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर बचाने पहुंचे माता-पिता हीरावती और राम लवट को भी आरोपी ने नहीं बख्शा और उन्हें भी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल निशा को रात में ही इलाज के लिए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ पहुंचाया, जहां उपचार के बाद गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित परिवार पट्टी कोतवाली पहुंचा।पीड़ितों ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिक्षक को समारोहपूर्वक दी गई भावभीनी विदाई



**कुंडा।** बाबागंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गिस्था में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षक ओम प्रकाश मिश्र को सेवानिवृत्ति के अवसर पर समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरूजी ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल बच्चों को शिक्षा दी, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आशीष मिश्र द्वारा शिक्षक को राम चरित मानस, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने विदाई संबोधन में शिक्षक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार के साथ बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्वल भविष्य की कामना के साथ गई। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक राम विशाल तिवारी, जय प्रकाश सिंह, प्रेम शंकर पाण्डेय, त्रिलोकी नाथ शुक्ल, अरुण कुमार द्विवेदी,अजय शुक्ल, अंजनी कुमार सिंह, आकाश सिंह, पंकज सिंह, हरिश्चन्द्र श्रीवास, रमेश यादव, अरविन्द कुमार यादव, पूर्व प्रधान रमेश तिवारी,समेत बड़ी संख्या मे शिक्षक एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान दशरथ पटेल द्वारा की गई जबकि कार्यक्रम का संचालक पूर्व महामंत्री शिक्षक संघ प्रभाकर नाथ पाण्डेय द्वारा किया गया।

## आरोपी धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हुई सीटीईटी परीक्षा में वांछित जालसाज को लालगंज पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। नगर के अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बीती आठ फरवरी को सीटीईटी की परीक्षा में एक आरोपी को परीक्षार्थी के स्थान पर पहचान पत्र में हेराफेरी कर परीक्षा देते विद्यालय के शिक्षकों ने पकड़ा था। विद्यालय की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने गुरूवार को आरोपी को धर दबोचा। थाने के दरोगा बनवारी लाल पाल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने आरोपी फतेहपुर जिले के धाता थाना के खरसेण्डवा निवासी आरोपी रितेश कुमार पुत्र जगपत को राजेन्द्र नगर चैराहे से हिरासत में ले लिया। पूछतांछ के बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# मां भद्रकाली मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**कुंडा।** बाबागंज ब्लाक मुख्यालय के बगल मे स्थित मां भद्रकाली मंदिर में बृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पंडित अमित मिश्र आजाद के संयोजन में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम विधि विधान से हनुमान जी का पूजन अर्चन करके सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ किया गया। सुंदर कांड पाठ सुबह नौ बजे प्रारंभ हुआ जो दोपहर बाद समाप्त हुआ। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मौजूद भक्तों ने हनुमान जी के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में स्थापित पंचमुखी हनुमान जी का विशेष रूप आरती पूजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामा स्वामी जी महाराज, संकठा प्रसाद मिश्र, राजेश द्विवेदी रज्जन, अमित मिश्र आजाद, राजेश तिवारी, अवनीश तिवारी, शशांक पाण्डेय सत्यम, शशांक शुक्ला प्रधान, अशोक शुक्ला, अनिल त्रिपाठी, कृपा शंकर तिवारी पूर्व प्रधान ,दुर्गेश तिवारी, विपुल तिवारी, पीयूष शुक्ला, तनुज पाण्डेय,आशीष शुक्ला, राजेंद्र द्विवेदी, अमित द्विवेदी, रामू पांडेय अविनाश मिश्रा अरविन्द शुक्ला आशुतोष पांडेय बीनस दुबे,देशराज पांडेय, देवेंद्र मणि पांडेय,बादल पांडेय, अवनीश मिश्रा सुमित जायसवाल,मां भद्रकाली के पुजारी त्रिभुवन नाथ शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# हत्या के मुकदमे में गवाही देने से रोकने के लिए हत्या आरोपियों ने जमकर चलाई लाठी

अखंड भारत संदेश

**दोनों पक्षों से चली लाठी एक युवक की इलाज के दौरान हुई मौत 7 लोग घायल, चार दिन पहले भी हत्या**



**आरोपियों ने लाठी से पीटकर अधेड़ का तोड़ दिया था हाथ**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा में गुरुवार की सुबह 8:00 बजे लाठिया चलने लगी देखते-देखते मौके पर दर्जनों लोग लाठी डंडा लेकर पहुंच गए और दो पक्षों के बीच जमकर लाठी चली एक दूसरे पर ईट पत्थर फेंक कर मारे गए इस हमले में 7 लोग घायल हो गए हैं इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है हमले की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी चायल थाना अध्यक्ष चरवा चौकी इंचार्ज बरियावा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं सूचना मिलते ही मौके पर 112 नंबर वाहन में पुलिस कमी और दो एंबुलेंस की गाड़ी पहुंची घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है दोनों पक्षों के बीच जमकर तनाव है इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है।

जानकारी के मुताबिक 14 वर्षों पूर्व 21अप्रैल 2012 को धर्मेन्द्र पुत्र ननका की हत्या कर दी गई थी इस हत्या में प्रेम रमेश सहित कई लोग अभियुक्त बनाए गए थे जेल भेजे गए थे रमेश प्रेम आदि इस समय जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं धर्मेन्द्र की हत्या का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है मुकदमे में गवाही बयान बदलने को लेकर मृतक के परिवार पर हत्या आरोपियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है मृतक के समर्थक पूर्व प्रधान राम सजीवन को चार दिन पहले सोमवार को हत्यारोपियों ने लाठियों से पीट दिया था जिससे पूर्व प्रधान राम सजीवन का हाथ टूट गया था घायल राम सजीवन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है इस मामले में पुलिस ने यदि कार्यवाही कर दी होती तो गुरुवार को फिर हमलावर लाठी चलाने नहीं पहुंच पाते गुरुवार की सुबह रामानंद खेत की ओर जा रहे थे इसी बीच प्रेम कुमार अजय कुमार पुनीत कुमार ने उन्हें घेर लिया और लाठियों से मारने लगे जानकारी मिलते ही रामानंद के परिवार के शिव मूरत राम प्रकाश सुरेंद्र भी मौके में पहुंच गए दोनों पक्ष से जमकर हमला हुआ उन्होंने भी दूसरे पक्ष पर जमकर लाठी डंडा चलाया पूर्व में हत्या के आरोपी प्रेम कुमार अजय कुमार वा पुनीत सरोज पुत्र चंदी लाल गंभीर घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है वहीं दूसरे पक्ष से रामानंद वा मंगरू पुत्रगण पुदई सरोज शिव मूरत राम प्रकाश सुरेंद्र कुमार घायल हो गए हैं इन्हें भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है इसके अलावा भी अन्य लोगों को हल्की चोट आई हैं हत्या के मुकदमे में गवाही रोकने के लिए हत्या आरोपी और उनके समर्थकों ने घटना को अंजाम दिया है चार दिन पहले भी हत्यारोपियों ने हमला करके पूर्व ग्राम प्रधान राम सजीवन को घायल कर दिया था लेकिन थाना और चौकी पुलिस ने हमला करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार नहीं किया है हत्या के मामले में जमानत मिलने के बाद इनके कारनामे से अदालत को सूचित कर जमानत निरस्त करने के लिए अदालत को सूचना नहीं दी है जिससे थाना और चौकी पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है हत्या आरोपियों से थाना चौकी पुलिस की क्या साठगांठ है यह बड़ी जांच का विषय है इलाज के दौरान पुनीत कुमार की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है प्रेम कुमार अजय कुमार शिव मूरत राम प्रकाश सुरेंद्र रामानंद का इलाज अस्पताल में चल रहा है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गांव में बढ़ते तनाव को देखकर पीएसी बल तैनात किया गया है।



## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में उमड़ी आस्था, हलुवा-पूड़ी प्रसाद का भव्य आयोजन

**अझुवा कौशाम्बी** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्टीय राजमार्ग स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया,परिसर में टेंट लगाकर आकर्षक रूप दिया गया जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर क्षेत्र में जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हलुवा-पूड़ी प्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी,जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर गया।कार्यक्रम के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया,जिसमें श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में डूबे रहे। मंदिर में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और भी मजबूत होता है।इस धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से प्रदीप केशरवानी,संजय केसरवानी,चंद्रपाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया और आयोजन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

## पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई

### फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत द्वारा दिनांक 02.04.2026 को आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, बेशकीमती भूमि को कराया गया मुक्त

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। वार्ड नंबर 4 मढिया मई रसूल स्थित अन्नपूर्णा भवन के पास बेशकीमती भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया गया। और नगर प्रशासन ने उक्त भूमि पर नगर का बगैर गाटा संख्या वाला बोर्ड गाड़ दिया है।बुलडोजर कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि पर बिना अनुमति निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था,जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत प्रशासन से की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने टीम गठित कर जांच कराई। जांच में निर्माण को पूरी तरह अवैध पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।निर्देश मिलते ही नगर पंचायत की टीम जेसीबी मशीन की मदद से निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने स्पष्ट कहा कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना स्वीकृति के निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में नामांकन एवं गुणवत्ता बढ़ाने पर बल

**हररायपुर कौशांबी।** ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण कायर्शाला का आयोजन बृहस्पतिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मूरतगंज में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य ने मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण करके किया उन्होंने इस कायर्शाला में उपस्थित ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों के बीच अपने अनुभवों को साझा किया तथा अभिभावकों को बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विकासखंड मूरतगंज की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हीना सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा की विकासखंड मूरतगंज जनपद स्तरीय निपुण तालिका में सर्वश्रेष्ठ पायदान पर है। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि शिक्षण अधिगम में यदि कहीं पर कोई समस्या आती है तो विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सचिव के साथ मिलकर उसको दूर किया जाएगा तथा शासन की मंशा के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ शैक्षिक वातावरण को ऊर्जावान एवं स्वस्थ बनाने पर बल दिया प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण भरवारी की शिक्षिका रिचा शर्मा द्वारा इस अवसर पर निपुण गीत प्रस्तुत किया गया जो पूरी तरह विभाग द्वारा दिए गए निपुण लक्ष्य पर संदर्भित था।कार्यक्रम का संचालन मारुति त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर समस्त एआरपी,रत्नेश यादव,रविंद्र नारायण मिश्रा, आलोक द्विवेदी, प्रेमचंद,दिलीप वर्मा राहुल पांडे,अनुराधा वर्मा,कैलाश एवं प्रधान वा प्रधान प्रतिनिधि एवं सामान्य जनमानस उपस्थित रहे।



## शुजातपुर बम्हरौली का ओवर ब्रिज बन कर तैयार

**कल्याणपुर कौशांबी।** सिराथू तहसील के शुजातपुर बम्हरौली में 2021 से शुरू हुआ रेलवे ओवर ब्रिज 2026 में बन कर तैयार हो गया है बस उद्घाटन होना बाकी है। टेडीमोड से मंझनपुर को जाने वाले रोड में शुजातपुर रेलवे लाइन होने की वजह से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसकी वजह से ग्रामीणों की मांग पर रेलवे अंडर पास का निर्माण हुआ लेकिन बरसात में पानी भर जाने के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था चूंकि कौशांबी का जिला मुख्यालय मंझनपुर होने की वजह से कोटि ग्रामीण और क्षेत्रीय आम जनमानस के आने जाने की समस्याओं को जिले के सिराथू के निवासी उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा रेलवे ऊपरगामी पुल का शिलान्यास 2021 में किए जो 2026 में बन कर तैयार हो गया है और लोग आना जाना शुरू भी कर दिए।

## रंगदारी मांगने वाले 02 अभियुक्तों को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** भरवारी कस्बे के व्यापारी प्रज्ज्वल केशरवानी पुत्र रमेश चन्द्र केशरवानी निवासी साहगंज रेलवे क्रासिंग भरवारी को एक अंजान नम्बर से पमोबाइल पर अवैध असलहे की फोटो भेजकर 5 लाख रूपये की रंगदारी मांगी गयी तथा एक सप्ताह में पैसे न देने पर गोली मारने की धमकी दी गयी है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 181/26 धारा 308(4) /351(4) बीएनएस व 66सी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत श्री सत्य नारायण प्रजापत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा घटना के शीघ्र, सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद एवं साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों इसरार अहमद पुत्र असलम उर्फ भोला निवासी वार्ड नं0 06 अशोक नगर चायल थाना पिपरी वा मो0 आबिद पुत्र मो0 इदरीश निवासी समदा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। अभियुक्तों कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त आबिद द्वारा बताया गया कि दिनांक 30.03.26 को मेरे बहनोई इशरार ने एआई के माध्यम से मेरी एक फोटो तमंचे के साथ बनायी थी जिसे भरवारी के रहने वाले एक व्यापारी को व्हाट्स एप पर भेजकर एक मैसेज के माध्यम से 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी । यह भी बताया कि उसके बहनोई ने फोन करके रंगदारी मांगी तथा गोली मारने की धमकी भी दी थी । हम दोनो ने मिलकर इस काम को अंजाम दिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले बाल अपचारी को थाना कोखराज पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना पर 29.03.2026 को वादी द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी नाबालिग लड़की को आरोपी लड़का बहला फुसला कर भगा ले गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 174/26 धारा 137(2)/87 बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया था । पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुये बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गयी । उपरोक्त क्रम में आज दिनांक 02.04.2026 को कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को रोही चौराहा से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात बाल अपचारी को न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया

## रसोई में गैस लीक से लगी आग 4 झुलसे

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनौ गांव में एलपीजी सिलेंडर लीकेज से आग लग जाने से एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए मौके पर ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी सरसावा भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया ग्रामीणों द्वारा घटना का मुख्य कारण बताया गया कि हादसा उस समय हुआ महिला जब खाना पका रही थी तभी गैस पाइप लीक होंने की वजह से बड़ा हादसा हुआ घायल परिवार में अमीरचंद पुत्र धुरिया आशा देवी श्रवण कुमार सरिता देवी शामिल है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है

## अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, अमित शाह का पुतला फूंककर सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया।प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की और आक्रोश जताया।इसके बाद अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।

# 165 पेयजल परियोजनाओं का कार्य पूर्ण

### 63 पेयजल परियोजनाओं पर पेयजल आपूर्ति करते हुए संचालन एवं किया जा रहा रख-रखाव

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गुरुवार को कार्यालय कक्ष में जल निगम,सिंचाई एवं नलकूप विभाग के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत 275 पेयजल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। 165 पेयजल परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें 63 पेयजल परियोजनाओं पर पेयजल आपूर्ति करते हुए संचालन एवं रख-रखाव किया जा रहा है तथा 102 परियोजनाएं टेस्टिंग एवं ट्रायल रन का कार्य किया जा रहा है। 110 परियोजना का कार्य प्रगति पर है, जिसे मार्च 2027 तक पूर्ण करा दिया जाएगा।,जिलाधिकारी ने ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य,पाइपलाइन बिछाने का कार्य,गृह संयोजन एवं पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मरम्मत कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए फर्म जे.एम.सी. एवं बाबा जी.ए. इन्फ्रा. को कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराई जाय जिलाधिकारी ने नलकूप विभाग की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता नलकूप से कहा कि सभी नलकूपों की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि खरीफ में किसानों को सिंचाई के लिए किसी प्रकार की समस्या न होने पाए, इसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित करा लिया जाय।बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने कहा कि सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त नहरों आदि का मरम्मतीकरण कार्य कराया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छूटे हुए पात्र लोगों को पेंशन से लाभान्वित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में सोशल सेक्टर विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि परिवार रजिस्टर के साथ मिलान करा लिया जाय तथा छूटे हुए पात्र लोगों को पेंशन से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कराए जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि इन कार्यो के अतिरिक्त अगर कोई और कार्य कराया जाना है तो इसकी जॉच कराकर आख्या उपलब्ध कराई जाय। उन्हांने नोडल अधिकारियों को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें/ कार्यवाही सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्हांने वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के भी निर्देश दिए।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत लम्बित सभी प्रकरणों को निस्तारित कर दिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम ने निर्माणाधीन रामवन गमन व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के दिए निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड दयाशंकर से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाए जिलाधिकारी ने रामवन गमन मार्ग एवं एन.एच.ए.आई. के निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का वर्णन



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा नव ज्योति इंटर कॉलेज के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक आचार्य नन्द जी महाराज ने बड़े ही भावपूर्ण अंदाज में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की सच्ची मित्रता, सुदामा की गरीबी और उनकी अटूट श्रद्धा का ऐसा चित्र खींचा कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे। जैसे ही उन्होंने श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण धोने और उन्हें सम्मान देने का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल श्रद्धा और प्रेम से भर गया।इसके साथ ही आचार्य श्री नन्द जी महराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने जीवन के अंतिम क्षणों में श्रीमद्भागवत का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि मनुष्य को जीवन में हर परिस्थिति में भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए, क्योंकि यही मोक्ष का सच्चा मार्ग है।कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। भक्ति मय संगीत को सुन कर मग्न नजर आए हैं। महिलाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने पूरे माहौल को और भी पावन बना दिया। आयोजक रवि केसरवानी ने बताया 3 अप्रैल को श्री मद भागवत कथा का समापन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

### छात्रों को तिलक लगाकर टॉफी देकर स्वागत कर भवंस मेहता विद्याश्रम में नए वर्ष में दिया गया प्रवेश



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में नए सत्र का शुभारंभ 2 अप्रैल 2026-2027 को बड़े ही हर्षोल्लास खुश नुमा नन्हे मुन्हें बच्चों की कोलाहल विद्याश्रम में पहली बार छात्रों का स्वागत क्लास टीचर द्वारा तिलक ल एवं प्रिंसिपल बलैया गंगारावोयना द्वारा चॉकलेट देकर नए सत्र का शुभारंभ किया सभी छात्र अपने अपने क्लास में जाने के लिए बड़े ही उत्साहित थे इस मौके पर प्रधानाचार्य बलैया गंगारावोयना उप - प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह स्कूल कॉर्डिनेटर मो नसीम,सीनियर अध्यापक अवधेश कुमार मिश्रा, रश्मि मैडम,नागेन्द्र कुमार,सुशील श्रीवास्तव पीयूष कुमार आशीष कुमार शर्मा आदि सभी उपस्थित थे। निदेशक संदीप सक्सेना ने सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### भडेहरी कड़ा में नामांकन मेला एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन मेधावी बच्चे हुए सम्मानित



**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा बिकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय भडेहरी में बुधवार को शासन के निर्देशानुसार नामांकन मेला एवं प्रवेश उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनिल चौरसिया ने की मुख्य अतिथि के खंड शिक्षा अधिकारी नीरज उमराव मौजूद रहे विद्यालय पहुंचे नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें शैक्षिक प्रगति पत्र वितरित किए गए इस दौरान प्रथम व द्वितीय रैंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को ग्राम प्रधान व खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया एसएमसी अध्यक्ष रामभवन ने भी बच्चों को पुरस्कार भेंट किए खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवाचारी शिक्षा पर जोर दिया कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार शुक्ल ने किया इस अवसर पर सहायक अध्यापक अजीत कुमार,सतेन्द्र सिंह,अजय प्रजापति, राजकुमारी, पूनम सिंह, प्रीति शिला सोनकर,राम खिलाडी और मंजू सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मेधावियों को चेक व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित खिले चेहरे




**कड़ा कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक के गुलमीपुर भैरव बाबा रोड स्थित एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा खोज परीक्षा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया समारोह में विद्याथी प्रतिभा खोज परीक्षा 2025-26 के परिणामों की घोषणा की गई। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को 5100 रुपये का चेक और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 7 के छात्र शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया व इनके साथ ही कक्षा 8 की छात्रा राधिका और कक्षा 8 की ही अलीशा ने भी मेधावियों की सूची में अपना स्थान पक्का किया इसके साथ ही शिवम और शिवाय को संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर घोषित किया गया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक राजीव मौर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है प्रधानाचार्या पूनम मौर्य ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य ऋषभ दुबे सहित शिक्षकगण और अभिभावक मौजूद रहे।

### धर्म के रास्ते पर चलकर हम अधर्म पर विजय प्राप्त कर सकते हैं : गौरव पाण्डेय

**कौशाम्बी।** जिले में हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को ग्राम नौडिया में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्याम सिंह भदौरिया के आयोजन में चल रही श्री मद भागवत कथा में पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय इस दौरान उन्होंने कथावाचक श्री अतुल जी महाराज को माला पहना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है श्री मान जी के मुखार बिंदु से भगवत गीता सुनने का मौका मिला हम सभी को गीता के उपदेशों को मानना चाहिए और हमेशा ईश्वर से यह प्राथर्ना चाहिए कि उनकी कृपा हो की हम अपने समाज के लिए कुछ न कुछ कर पाएं अध्यात्म जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ! हम सदैव जीवन में अपने धर्म के रास्ते पर चलकर अधर्म पर विजय प्राप्त कर सकते हैं. !इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष उदय यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,शुभेंद्र यादव छोटू,बृजभान सिंह,गोलू जायसवाल मौजूद रहे.!

### पुरानी रंजिस को लेकर मारपीट व गैरइरादतन हत्या का प्रयास करने वाले 04 अभियुक्तों को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** कोखराज थाना पर 02 04 2026 को वादी रामदास पुत्र स्व0 छेदीलाल निवासी खोरांव थाना कोखराज द्वारा सूचना दी गयी कि उनके सगे भाई व उसके परिजनों द्वारा पुरानी रंजिस को लेकर मेरे पत्नी व बच्चों को गाली गलौज करते हुये लाठी, डण्डे, फरसे व कुल्हाड़ी से बुरी तरह से मारा पीटा गया है जिससे मेरे पत्नी व बच्चों के सर व सीने में गम्भीर चोटे आयी है। जिनको उपचार हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 184/ 2026 धारा 191 (2)/ 191(3) /118(1) / 110/115 (2) / 304(2)/ 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुये श्री सत्य नारायण प्रजापत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा अभियुक्तों की शीध्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त क्रम में आज दिनांक 02.04.2026 थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों 1.लालता प्रसाद पुत्र छेदीलाल 2. सत्य प्रकाश उर्फ गोली पुत्र लालता प्रसाद 3. भास्कर सिंह उर्फ अंकुश पुत्र लालता प्रसाद 4. जितेन्द्र उर्फ लवकुश पुत्र लालता प्रसाद निवासीगण खोरांव थाना कोखराज को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त न्यायालय भेजा गया है।

# सम्पादकीय

## ट्रंप पर अंकुश लगाना जरूरी

**ईरान** पर इजरायल और अमेरिका को युद्ध छेड़े 31 दिन पूरे हो चुके हैं और इस एक महीने में ईरान समेत पूरी दुनिया को बड़ी तबाही की राह पर धकेला जा चुका है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम से अकल्पनीय त्रासदी कायम करने वाले अमेरिका ने परमाणु हथियार रोकने के नाम पर ही जंग का यह खेल शुरू किया, लेकिन अब उनकी असली नीयत सामने आ गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 'ईरान का तेल अपने कब्जे में लेना' चाहते हैं और खर्ग द्वीप पर भी नियंत्रण कर सकते हैं। गौरतलब है कि खर्ग द्वीप ईरान की तेल निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, यहां से 90 प्रतिशत तक तेल निर्यात होता है। और इस द्वीप पर कब्जा करने के लिए हजारों सैनिकों को जमीन पर उतारने की तैयारी अमेरिका ने की है, यह बात वॉशिंगटन पोस्ट में छपी एक खबर से जाहिर हुई है। हालांकि ट्रंप अब खुलकर अपनी कपटी नीयत का इजहार भी कर रहे हैं।

ट्रंप ने फाइनेंशियल टाइम्स से साफ कहा है कि वे ईरान के तेल पर कब्जा करना चाहते हैं, इसके बाद कोई संदेह बाकी नहीं रह जाता कि परमाणु हथियार केवल एक बहाना थे। मगर सवाल वही है कि कब तक विश्व ट्रंप या अमेरिका के छलावे भरे दावों पर यकीन करेगा। अंग्रेजी भाषा के वर्चस्व और हॉलीवुड में बनी फिल्मों के जरिए पूरी दुनिया में एक भ्रम अमेरिका ने खड़ा किया है कि वह लोकतंत्र और विश्व शांति का सबसे बड़ा रक्षक है, जबकि रूस, क्यूबा, चीन जैसे साम्यवादी देश या ईरान, अफगानिस्तान जैसे देश दुनिया के लिए बड़ा खतरा है। अमेरिका के रचे इस दृश्यम का ऐसा असर हुआ है कि दुनिया उसकी परोसे नैरेटिव को ही सच मानती है, और भूल जाती है कि हर तस्वीर का दूसरा पहलू भी होता है।

ये शर्तें बता रही हैं कि अमेरिका ईरान को अपनी शर्तों पर चलाना चाहता है, वेनेजुएला में पहले ही उसने राष्ट्रपति का अपहरण किया और अब वह क्यूबा में ऐसा ही करने की धमकी दे रहा है। इसके बाद अगली बारी किस देश की होगी, कहा नहीं जा सकता।

अमेरिका की दूसरे देशों में हस्तक्षेप की नीति तो शुरू से रही है, लेकिन ट्रंप इसे पूरी निर्लज्जता से जाहिर भी कर रहे हैं। रविवार को एयर फोर्स वन पर ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि 'ईमानदारी से कहूं, तो मेरी पसंदीदा चीज है ईरान का तेल लेना। लेकिन अमेरिका में कुछ लोग कहते हैं कि आप ऐसा क्यों कर रहे हैं। वे लोग बेवकूफ हैं।' वहीं ट्रंप ने यह भी कहा कि 'अगर आप देखें, तो वहां पहले ही शासन परिवर्तन हो चुका है। पहला शासन पूरी तरह खत्म हो गया, नष्ट हो गया, वे सभी मारे जा चुके हैं। दूसरा शासन भी लगभग खत्म हो चुका है और अब तीसरे शासन में हम ऐसे लोगों से बात कर रहे हैं, जिनसे पहले कभी किसी ने बात नहीं की। यह बिल्कुल अलग समूह है, इसलिए मैं इसे शासन परिवर्तन मानता हूं। ट्रंप ने कहा, 'जो शासन बहुत खराब था, बहुत बुरा था, दूसरा जिसे नियुक्त किया गया था, वे सभी अब खत्म हो चुके हैं, मारे जा चुके हैं। केवल एक व्यक्ति बचा है, जिसमें शायद थोड़ी जान बाकी है।' ट्रंप ने आगे कहा, 'ईरान के साथ कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि हम उनसे बातचीत करते हैं ।

# 'मथे ना माखन होय' की ओर बढ़ता देश

**निर्मला भुराड़िया**

**यह** बात बहुत आम हो चुकी है कि रामनवमी आदि अवसरों पर गले में केसरिया गमछा डाले, हाथ में केसरिया ध्वज और तलवार वगैरह लिए तथाकथित धर्मरक्षक अपना जुलूस मस्जिद के सामने से निकालते हैं, वह भी डीजे पर नफरत से भरे गाने बजाते हुए। हाल ही में इस तरह के गाने चुनरी यात्राओं और धार्मिक शोभायात्राओं के लिए खासतौर पर बनाए गए हैं।

इस देश में अल्पसंख्यकों- खास तौर पर मुसलमानों के प्रति घृणा का भाव दूर-दूर और बहुत गहराई तक फैल चुका है। हर उम्र, हर वर्ग और हर लिंग के लोग इस घृणा रोग से पीड़ित दिखाई देते हैं। उनमें अनपढ़ या अर्द्ध शिक्षित तो हैं ही, उच्च शिक्षा प्राप्त भी शामिल हैं। इसका ताजा उदाहरण है बेंगलुरु के पीईएस विश्वविद्यालय में अफ़फ़ान नामक मुस्लिम छात्र को प्राध्यापक डॉ. मुरलीधर देशपांडे द्वारा एक नहीं, बल्कि 13 बार 'आतंकवादी' कहकर संबोधित किया जाना। डॉ. देशपांडे ने कहा, 'ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ,' 'ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा,' और 'तुम मूर्ख हो, तुम नरक में जाओगे।' ये टिप्पणियां भरी कक्षा में अन्य छात्रों के सामने की गईं। अफ़फ़ान का समर्थन करने वाले कुछ छात्रों को कथित तौर पर 'कक्षा के दौरान बात करने' के लिए निलंबित कर दिया गया। प्रोफेसर ने बाद में कॉलेज से माफी मांगी, लेकिन पीड़ित छात्र से नहीं।

धार्मिक लेकिन आम तौर पर सांप्रदायिकता से परहेज रखने वाले दक्षिण भारत में यह हुआ, उसके दो दिन बाद राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद के ओपुलेंट मॉल में पहनावे के आधार पर भेदभाव का शर्मनाक मामला सामने आया। यहां मॉल प्रबंधन ने मोहम्मद सैफुल्ला नामक दुकानदार को कुर्ता-पायजामा पहनने की वजह से कारोबार करने से रोक दिया। मॉल प्रबंधन का कहना था कि मालिकों ने दाढ़ी और कुर्ता पायजामा पहनकर कारोबार करने वाले सभी लोगों का प्रवेश निषेध किया हुआ है। इसके बाद उनकी दुकान कई दिन बंद रही। दुकान सैफुल्ला के नाम से ली गई थी लेकिन कारोबार उनके छोटे भाई फैज संभालते थे, जो कि धार्मिक रीति रिवाज का पालन करते हुए दाढ़ी रखते हैं और कुर्ता-पायजामा, टोपी पहनते हैं। सैफुल्ला ने इस मामले में पुलिस से गुहार लगाई लेकिन वे अभी तक कार्रवाई का इंतजार ही कर रहे हैं।

हाल ही में बनारस में रमजान के दौरान 14 मुस्लिम लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि एक भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि इन्होंने नाव में सवार होकर गंगा में इफ्तार पार्टी की और चिकन बिरयानी खाकर पवित्र जल में हड्डियां फेंक दी। इससे उनकी और अन्य हिन्दुओं की भावनाएं आहत हो गई हैं। इस घटना को मुख्य धारा के टीवी मीडिया ने बहुत जोर-शोर से उछाला। आखिर आहत भावनाओं से टीआरपी कमाने का मौका था। उत्तेजक उद्घोषों- 'यह खबर देखिए, इसे देखकर आपका भी खून खौल उठेगा' के साथ बार-बार यह खबर चलाई गई और कहा गया कि यह सनातन पर हमला है। जाहिर है इसका मकसद धार्मिक उत्तेजना फैलाना और समुदाय विशेष को प्रताड़ित करना ही था, वरना तो गंगा और अन्य पवित्र नदियों को हम सभी जिस तरह प्रदूषित और गंदा कर रहे हैं, वह किसी से छिपा नहीं है। नदियों की सफाई के बहुप्रचारित प्रोजेक्ट तो कभी पूरे होते ही नहीं। ऐसे में सिर्फ मुस्लिम लड़कों को पकड़ना, साफ तौर पर उन्हें निशाने पर लेना ही है।

पिछले एक दशक से यही कुछ चल रहा है। शासन, प्रशासन और तथाकथित धार्मिक संगठनों द्वारा लोगों के दिमाग में जहर भरकर मुसलमानों को टारगेट करने, प्रताड़ित और अपमानित करने के मामले इतने हैं कि उनकी केवल फेहरिस्त बनाने पर ही अच्छा-खासा पोथन्ना तैयार हो जाएगा। 2015 में दादरी के एक गांव में अफवाह फैली थी कि अखलाक नामक एक शख्स के घर गौमांस रखा हुआ है।



महज इस अफवाह और शक की बिना पर ही लोग उसके घर में घुस गए, उसे बाहर निकाला और फिर भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यह न पहली घटना थी न आखिरी। तथाकथित गौ रक्षक दल गांव-गांव घूमते हैं, जाने किस अधिकार से वाहनों को रोककर जांच करते हैं। अक्सर झूठी शंका में वाहन मालिक / चालक के साथ मारपीट करते हैं,अगर वह मुसलमान हुआ तो उसकी जान तक लेने पर उतारू हो जाते हैं।

यह बात बहुत आम हो चुकी है कि रामनवमी आदि अवसरों पर गले में केसरिया गमछा डाले, हाथ में केसरिया ध्वज और तलवार वगैरह लिए तथाकथित धर्मरक्षक अपना जुलूस मस्जिद के सामने से निकालते हैं, वह भी डीजे पर नफरत से भरे गाने बजाते हुए। हाल ही में इस तरह के गाने चुनरी यात्राओं और धार्मिक शोभायात्राओं के लिए खासतौर पर बनाए गए हैं, मसलन- 'हम हिंद के गद्दारों को मिलकर सबक सिखाएंगे, अब ऐसे बाबर की छाती में हम भगवा लहराएंगे।' ये धर्मरक्षक मस्जिद पर चढ़कर भगवा झंडा लगाने को बहादुरी समझते हैं। दरअसल, इस तरह मुसलमानों को उकसाया जाता है ताकि वह प्रतिक्रिया करें तो उन्हें और प्रताड़ित किया जा सके। कानून, अदालत सबूत जुटाए, फैसला करें उसके पहले ही विध्वंस की कार्रवाई हो चुकी होती है। अदालती प्रक्रिया के बगैर ऐसा करना इंसाफ है या पाप- यह थोड़ा भी दिमाग दौड़ाने पर समझा जा सकता है।

इस नफरत को संस्थागत करने की कोशिश की जा रही है, तरह-तरह के कानून बनाकर। जैसे कांवड़ यात्रा के रास्ते पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेम प्लेट लगाने का आदेश, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हमने देखा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान बहुत से स्वयंसेवक हाथ में पवित्र जल के पात्र के बजाय लाठी लिए, गले में केसरिया गमछा लटका कर घूमे और दुकान-दुकान जाकर देखा कि कोई ठेले वाला या दुकान वाला मुस्लिम हो और उसने अपनी नेम प्लेट न लगाई हो। कुछ जगह तो यात्रा मार्ग में पड़ने वाली मस्जिदों-मजारों पर पर्दा लगाकर उन्हें ढंका गया। गोया उन पर नजर पड़ने भर से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा! इस बीच भगवाधारियों ने तोड़फोड़ भी की, लेकिन खबरिया चैनलों ने बताया कि कांवड़िए अपनी आहत भावनाओं का बदला ले रहे हैं।

लव जिहाद, थूक जिहाद, जमीन जिहाद, नौकरी जिहाद, ये जिहाद, वो जिहाद जैसे कई नव आविष्कृत शब्द हमारी शब्दावली में घुसा दिए गए। कोरोना के वक्त यह बात जोर-शोर से उठाई गई कि देश में बीमारी फैलाने के लिए मुस्लिम जान कर-के खाने की चीजों पर थूकते हैं। इसे थूक जिहाद बताया गया। हद तो यह है कि बड़ी संख्या में हिन्दुओं ने इस दुष्प्रचार पर विश्वास किया और मुसलमानों को दोगुनी नफरत से देखा, अलग-थलग किया। ऐसे झूठे इल्जाम से कभी सब दिलों की धड़कन रहे शाहरुख खान को भी नहीं बख्शा गया। लता मंगेशकर के निधन पर शाहरुख ने अपने रिवाज के अनुसार दुआ फूंकी तो इस बात ने जोर पकड़ लिया कि शाहरुख ने लता जी की श्रद्धांजलि में थूका।

धर्म, सत्ता और मुख्यधारा का मीडिया जैसे सबसे बड़े शक्ति केंद्र, पूरी ताकत से आम आदमी की सोच बदलने में लगे हैं। अदालतों की हिदायत के बावजूद खुलेआम नफरती भाषण चल रहे हैं, जिसने आम जनता के दिमाग पर गहरा असर किया है। आज हम आम लोगों के मुंह से लगातार सुनते हैं कि वो लोग तो ऐसे होते हैं, वैसे होते हैं। प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि वे तुम्हारा मंगलसूत्र छीन लेंगे, तुम्हारी भैंस छीन लेंगे। यानी जिन सत्ताधीशों के लिए सारी जनता एक समान होना चाहिए वे भी हमें 'हम और वे' में हमें बांट रहे हैं। घृणा, तिरस्कार और प्रताड़ना का यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब 'हम मथे ना माखन होय' की स्थिति में जा पहुंचेंगे।

# जनगणना–2027 : 7 से 21 मई तक होगी स्वगणना, डीएम ने नागरिकों से की ऑनलाइन भागीदारी की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जनगणना**-2027 के तहत ह्यस्वगणनाह्न (सेल्फ एन्यूमरेशन) का कार्य 7 मई से 21 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दी।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए डिजिटल माध्यम से घर बैठे पंजीकरण करें। स्वगणना के लिए पोर्टल, मोबाइल ऐप और टोल-फ्री नंबर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्वगणना के दौरान नागरिकों को लगभग 33 प्रश्नों का विवरण स्वयं भरना होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद 12 अंकों का एक यूनिक कोड जारी किया जाएगा, जिसे संबंधित प्रगणक या सुपरवाइजर को देना अनिवार्य होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगणकों और सुपरवाइजरों की



नियुक्ति और प्रशिक्षण निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अप्रैल के अंत तक सभी प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं और किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि जनगणना का कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना का उद्देश्य जनकल्याण और विकास योजनाओं को सुदृढ़ करना है, इसलिए सभी नागरिक इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला समेत सभी उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में दवाओं का छिड़काव तेज अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज की निगरानी में चल रहा विशेष अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। संचारी** रोगों की रोकथाम एवं आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, जलभराव निस्तारण तथा दवाओं के नियमित छिड़काव के माध्यम से मच्छरजनित एवं जलजनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जा रहा है। अभियान की विशेष निगरानी अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज द्वारा स्वयं की जा रही है, जिससे व्यवस्थाओं में तेजी और प्रभावशीलता देखने को मिल रही है।अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज के निर्देशन में नगर पालिका की टीमें वार्ड-वार



अभियान चलाकर नालियों की सफाई, कूड़ा उठान तथा एंटी-लार्वा दवाओं का छिड़काव कर रही हैं। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी क्षेत्र में जलभराव या गंदगी की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अभियान में किन-किन दवाओं का किया जाता है छिड़काव संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं नगर निकाय विभाग द्वारा निम्न दवाओं का उपयोग किया जाता है ।

## गौरीगंज विधायक के मुकदमे की कार्रवाई पर लगी रोक

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । भाजपा** की तत्कालीन नगरपालिका चेयरमैन प्रत्याशी के पति पर हमले के आरोप से जुड़े मामले में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह सहित व अन्य आरोपियो के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। मामले में याची प्रशांत सिंह व अन्य की तरफ से ट्रायल कोर्ट आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने केस की कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह 'पंकज' ने बताया कि ट्रायल कोर्ट में हाईकोर्ट आदेश की प्रति व अर्जी पेश की गई,जिस पर अदालत ने हाईकोर्ट आदेश के अनुपालन में मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया है।

कोर्ट के आदेश से मामले में विधायक सहित अन्य आरोपियो को बड़ी राहत मिली है।

अमेठी जिले के गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत अन्य के खिलाफ भाजपा से तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह पर 10 मई 2023 को हुए हमले के आरोप से जुड़े मामले में गौरीगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## हनुमान जयंती पर गल्ला मंडी में सुंदरकांड पाठ और भंडारा, दिव्यांग युवक की प्रस्तुति ने भावुक किया

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज (भदोही): हनुमान** जयंती के पावन अवसर पर अंजही मोहाल स्थित गल्ला मंडी में सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की आराधना की और प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन को सफल बनाने में अनिल कुमार जायसवाल, सिद्धनाथ जायसवाल और आशीष जायसवाल गुप्ता सहित अन्य सहयोगियों की अहम भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग



से संपन्न कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला जब एक दिव्यांग युवक ने, जो दृष्टिहीन है, हारमोनियम पर सुंदरकांड के दौरान अपनी मधुर प्रस्तुति दी। उसकी सुरमयी धुन ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## KNIPSS में सांस्कृतिक कार्यक्रम'ललितोत्सव'-2026 का आयोजन।

**सुलतानपुर**

**सुलतानपुर** के कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम 'ललितोत्सव'-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा.शक्ति सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों की वैविध्यपूर्ण प्रतिभा को रेखांकित करता है। यह कार्यक्रम संस्थान की शैक्षिक, सामाजिक गतिविधियों के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी एक बृहत प्लेटफॉर्म है। इस अवसर पर बोर्ड आफ गवर्नेंस के अध्यक्ष प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान ने शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के साथ ही सांस्कृतिक उपलब्धि को भी प्राप्त



किया है। ललितोत्सव छात्रों को सांस्कृतिक क्रियाकलाप से संपृक्त करता है। इस अवसर पर विभिन्न संकाय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 'अपना सुल्तानपुर' की थीम पर बी.एस.सी. बायो, चतुर्थ सेमेस्टर की सुश्री समीक्षा एवं खुशी को प्रथम स्थान, सुश्री काजल एवं शगुन, बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा बी.एस.सी. बायो षष्ठम सेमेस्टर की सुश्री अंशिका अग्रहरि, नन्दिनी ,अंशिका को तथा एम.एस.सी. मैथ्स द्वितीय सेमेस्टर की सुश्री निधि गुप्ता और आंचल को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# हवाई चप्पल वाले विमान में या हवाई सेवाएं जमीन पर !

**राजेंद्र शर्मा**

**बुनियादी** सुविधाओं के मामले में आर्थिक सामर्थ्य के इस संकट का, मांग का संकट बनकर इस तरह सामने आ खड़ा होना, खासतौर पर नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के अपनाए जाने का नतीजा है। जब तक बुनियादी सुविधाएं मुख्यतः सार्वजनिक क्षेत्र में थीं, तब तक चूंकि उन्हें आर्थिक लाभ कमाने की दृष्टि से संचालित नहीं किया जाता था, इन सुविधाओं की आपूर्ति की तंगी तो हो सकती थी, लेकिन उनके मांग की कमी की वजह से अनुपयोगी रह जाने का संकट नहीं हो सकता था।

हैरानी की बात नहीं है कि हमारे उद्घाटन-वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, पांच विधानसभाई चुनावों के लिए अपने प्रचार के औपचारिक चरण के लिए दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले, एक धमाकेदार उद्घाटन करना जरूरी समझा। हम राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में निमार्णाधीन नये हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन की बात कर रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण को अपने राज में तेजी से हो रही प्रगति के साक्ष्य के रूप में ही पेश नहीं किया, देश के लिए जरूरी विकास के मॉडल के तौर पर भी पेश किया, जो उनकी पार्टी के डबल इंजन राज की ही कृपा से उत्तर प्रदेश को नसीब हो रहा है। यहां ढांचागत क्षेत्र के विकास के इस मॉडल की जरा नजदीक से पड़ताल करना अप्रासांगिक नहीं होगा, जिसे बहुत से विश्लेषणकर्ता नुमाइशी (वेनिटी) विकास मॉडल मानते हैं।

स्वाभाविक रूप से शनिवार 28 मार्च के जेवर एअरपोर्ट के उद्घाटन की खबरों ने राजधानी में और खासतौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी सुर्खियां बटोरीं। आखिरकार, राजधानी से दिल्ली के वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कुछ ही 12 किलोमीटर की दूरी पर यह नया हवाई अड्डा बन रहा है, जिसे न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए हवाई यात्रा की सुगमता करने वाला बताया जा रहा था, बल्कि खबरों में तो 'देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा' कहकर भी प्रचारित किया जा रहा था। यह दूसरी बात है कि छोटे प्रिंट में दी जा रही जानकारियां, एक तरह से हाथ



के हाथ इस दावे की अतिरंजना को भी उजागर कर रही थीं। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण के पहले चरण का ही उद्घाटन किया है, जिसमें कार्गो टर्मिनल तथा मरम्मत, रख-रखाव आदि से संबंधित हिस्से ही शामिल हैं। इस चरण पर करीब 11,200 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस हवाई अड्डे का निर्माण चार चरणों में, 2040 तक पूरा होना है। फिलहाल, कुछ घरेलू उड़ानों के शुरू होने की चर्चा जरूर है, लेकिन उसकी भी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गयी है। हैरानी की बात नहीं होगी कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभाई चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री एक बार फिर इस हवाई अड्डे के किसी हिस्से का उद्घाटन करने के लिए यहां लौटें।

जहां तक संबंधित परियोजना का सवाल है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक ढांचागत परियोजना ही नहीं है बल्कि 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का नया अध्याय है। यह एअरपोर्ट उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे बनकर निवेश, व्यापार और निर्यात को नयी गति देगा।...पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा', आदि। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि इससे, 'किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।' प्रधानमंत्री ने इस परियोजना के साकार होने के लिए किसानों के 'जमीन के योगदान' के लिए आभार ही व्यक्त नहीं किया, किसानों को यह सपना भी दिखाया कि उनके कृषि उत्पाद अब वैश्विक बाजारों तक पहुंचसकेंगे! प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि यह एअरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार और अवसरों की नयी दिशा देगा। लेकिन कैसे, यह स्पष्ट करने की उन्होंने जरूरत नहीं समझी।

प्रधानमंत्री इस मौके पर गिनती को तर्क बनाने का खेल नहीं खेलते यह तो संभव ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने इसे अपने राज में उत्तर प्रदेश के तेजी से विकास कर रहे होने का पैमाना बनाया कि उत्तर प्रदेश अब पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन गया है। और यह भी कि मोदी के शासन संभालने से पहले, देश में कुल 74 हवाई अड्डे थे, जबकि अब तक यह संख्या बढ़कर 160 से अधिक हो चुकी है। हवाई अड्डों की संख्या और विकास के इसी समीकरण को और पुख्ता करते हुए, 28 मार्च के उद्घाटन ईवेंट से ठीक पहले, 25 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी थी, जिसमें दस वर्ष में 100 हवाई अड्डे बनाने का ऐलान किया गया है। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। अगर हवाई अड्डे बनना ही विकास का पैमाना है, तो जाहिर है कि मोदी राज में देश का बहुत तेजी से विकास हो रहा है।

लेकिन, यहीं उत्तर प्रदेश का ही एक और आंकड़ा सामने आकर खड़ा हो जाता है, जिसकी प्रधानमंत्री मोदी के हवाई क्षेत्र के विकास के दावों के जवाब में, समाजवादी पार्टी नेता, अखिलेश यादव ने याद दिलाई है। यह आंकड़ा जो वास्तव में एक आरटीआई के सरकारी जवाब में सामने आया है, यह दशार्ता है कि हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार कर, अपेक्षाकृत कम आबादी के केंद्रों को उसके दायरे में लाने के इरादे से, पिछले पांच-छः साल में उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए खर्च कर, 7 नये हवाई अड्डे शुरू किए गए थे। लेकिन, इनमें से पूरे 6 हवाई अड्डे बंद हो चुके हैं।

# दुग्ध गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए डीएम का पराग डेयरी औचक निरीक्षण, 40 लीटर दूध रिजेक्ट

अखंड भारत संदेश



डेयरी का निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** जिल में दुग्ध की धार के बीच व्यवस्था की परतें जब खुलीं, तो प्रशासन की सख्ती भी साथ नजर आई। गुरुवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पराग डेयरी पर औचक दस्तक देकर न सिर्फ मशीनों की धड़कन सुनी, बल्कि सिस्टम की सांसों की भी पड़ताल की। प्रोसेसिंग हॉल से लेकर गुणवत्ता जांच तक हर कोने में सवाल गूंजे- 2200 लीटर दूध की आवक के बीच क्या शुद्धता भी उतनी ही मजबूत है? निरीक्षण के दौरान 40 लीटर दूध का रिजेक्ट होना इस बात का संकेत बन गया कि मिलावट की परछाइयां अब भी मंडरा रही हैं। डीएम ने पारदर्शिता को हथियार बनाते हुए टेस्टिंग मानकों का सार्वजनिक प्रदर्शन अनिवार्य किया, ताकि दूध के हर कतरे का सच सामने आ सके। निरीक्षण में जर्जर बीएमसी और वाहनों की हालत ने भी सिस्टम की थकान उजागर की, जिस पर डीएम ने तत्काल नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं, पनीर-खोया उत्पादन और आधुनिक पैकेजिंग की योजना ने डेयरी को बाजार की नई दिशा देने का संकेत दिया। सबसे अहम बात- दूध उत्पादकों के भुगतान में देरी पर सख्त रुख अपनाते हुए साप्ताहिक भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई। पिछले साल के 250 लीटर से बढ़कर अब 1100 लीटर औसत संकलन तक पहुंचना एक उपलब्धि जरूर है, लेकिन सवाल यही है- क्या यह बढ़ोतरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ टिक पाएगी?

# विकास भवन में गैरहाजिर अफसरों पर गिरी गाज वेतन रोका, स्पष्टीकरण का अल्टीमेटम जारी

- सीडीओ की छापेमारी में खुला सच
- चेतावनी के बाद भी लापरवाही
- निरीक्षण में कई अधिकारी अनुपस्थित



विकास भवन का निरीक्षण करते सीडीओं

**चित्रकूट।** जिले का विकास भवन गुरुवार सुबह उस समय सुर्खियों में आ गया, जब मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने अचानक निरीक्षण कर प्रशासनिक ढांचे की हकीकत को बेनकाब कर दिया। सुबह 10:15 बजे शुरू हुए इस निरीक्षण में कई बड़े विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सियों से नदारद मिले, मानो सरकारी दफ्तर नहीं बल्कि लापरवाही का अड्डा बन चुका हो। जिला युवा कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायतराज और समाज कल्याण जैसे अहम विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जबकि पहले भी इन्हें कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी। हालात इतने बिगड़े हुए थे कि मनरेगा सेल में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने पूरे मार्च महीने में उपस्थिति पंजिका तक पर हस्ताक्षर नहीं किए। निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में कर्मचारियों की भारी अनुपस्थिति और अनुशासनहीनता खुलकर सामने आई, जिससे जनसुनवाई और योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, कई विभागों में निष्प्रयोज्य सामग्रियों का अंबार लगा मिला, जो या तो लाभार्थियों तक नहीं पहुंची या वर्षों से धूल फांक रही है। इस पर सीडीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए एक सप्ताह के भीतर नीलामी और वितरण के निर्देश दिए हैं, अन्यथा वेतन रोकने की चेतावनी दी है। सीडीओ ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब लापरवाही की कीमत सीधे जेब से चुकानी होगी। सवाल है कि क्या इस सख्ती के बाद भी व्यवस्था सुधरेगी या फिर फाइलों में ही सुधार की कहानी लिखी जाती रहेगी?

## चित्रकूट में आधार क्रांति का बिगुल, पहचान बनेगी अब योजनाओं की चाबी

**बिना आधार सब बेकार, गांव-गांव आधार का जाल**

**चित्रकूट।** जिले में अब पहचान की दौड़ तेज हो गई है- और इस बार हथियार है आधार। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आधार केंद्रों और विशेष कैम्पों का जाल बिछा दिया गया है। शंकर बाजार से लेकर मानिकपुर, राजापुर से लेकर मऊ तक- बैंकों, डाकघरों, बीएसएनएल कार्यालयों, सीएससी केंद्रों और स्कूल परिसरों में आधार बनवाने और संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन का दावा है कि अब कोई भी नागरिक पहचान के अभाव में सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। फिनो पेमेंट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडिया पोस्ट और आईपीपीबी जैसे संस्थानों के माध्यम से यह अभियान गांव-गांव तक पहुंच रहा है। खासकर बच्चों के नामांकन और मोबाइल नंबर अपडेट के लिए विशेष केंद्र खोले गए हैं, ताकि भविष्य की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। अब सवाल यह नहीं कि आधार बनवाना है या नहीं- बल्कि यह है कि क्या आप इस पहचान क्रांति का हिस्सा बनने को तैयार हैं, या फिर योजनाओं के दरवाजे आपके लिए बंद रहेंगे?

## इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न, 1.6510 हेक्टेयर भूमि होगी अधिग्रहीत

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक सक्रियता की तेज धड़कन सुनाई दी, जब अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर की अध्यक्षता और अपर उपजिलाधिकारी अजय यादव की मौजूदगी में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स निर्माण पर मंथन हुआ। बहुशासीय विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट को विशेष भूमि अध्याप्त अधिकारी बांदा को भेजने के निर्देश दिए गए। 1.6510 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण और कब्जा परिवर्तन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का आदेश हुआ। बैठक में विशेषज्ञों व अभियंताओं की मौजूदगी ने संकेत दिया- न्यायिक ढांचे का नया अध्याय जल्द जमीन पर उतरने वाला है।

## रोली-टीका और मिठास से सजा स्कूल, बरगढ़ में शिक्षा का उत्सव बना जनआंदोलन

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान और प्रवेश उत्सव ने शिक्षा के आंगन में उत्साह की ऐसी लौ जलाई, मानो ज्ञान का दीप हर घर में जगमगा उठा हो। प्राथमिक विद्यालय कोलमजरा में बच्चों का रोली-टीका लगाकर भव्य स्वागत किया गया, मिठाइयों की मिठास ने नन्हें चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विद्यालय को गुब्बारों, झंडियों और रंगीन बैनरों से इस तरह सजाया गया कि वह किसी उत्सव स्थल से कम नजर नहीं आया। साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक वातावरण ने अभिभावकों को भी बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बजरंग बहादुर सिंह, शिक्षकगण अमर बहादुर सिंह, शालिनी जायसवाल, प्रियंका पटेल, आशुतोष मिश्रा सहित पूर्व प्रधान सुनील जायसवाल, बिजली जैन और सुरेश निषाद की सक्रिय उपस्थिति रही। वहीं स्टेशन अधीक्षक संजय वर्मा ने भी स्टेशन परिसर में स्वागत कर जलपान की व्यवस्था कर इस अभियान को जन-जन का उत्सव बना दिया।

# एसडीएम के संदेश से जागा खोहर गांव, स्कूल चलो अभियान बना बदलाव की मशाल

- खोहर में गूंजा शिक्षा का बिगुल
- हर बच्चा स्कूल का संकल्प बना जनआंदोलन



पुरस्कार के बाद चहकते बच्चे



बच्चों को पुरस्कार देते एसडीएम

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय खोहर में गुरुवार को शिक्षा का उत्सव कुछ ऐसा सजा कि पूरा गांव जागरूकता के रंग में रंग गया। वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने स्पष्ट शब्दों में कहा- शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है, और अभिभावकों को बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प दिलाया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडे के निर्देशन में कार्यक्रम ने केवल पुरस्कार तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि शिक्षा के प्रति जनजागरण का रूप ले लिया। विद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा के सर्वाधिक उपस्थित विद्यार्थियों को सम्मानित कर अनुशासन और नियमितता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में स्कूल चलो अभियान के तहत निकली रैली ने गांव की गलियों में नई चेतना भर दी- हाथों में तख्तियां, जुबां पर नारे और दिल में शिक्षा का सपना। हर बच्चा स्कूल जाए के गूंजते स्वर ने माहौल को प्रेरणादायी बना दिया। शिक्षक नेता आलोक कुमार गर्ग ने शिक्षा को मौलिक अधिकार बताते हुए हर बच्चे के नामांकन का लक्ष्य दोहराया। ग्राम प्रधान राम नरेश पाल सहित ग्रामीणों ने भी इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संचारी रोग नियंत्रण रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता फैलाई गई, जिससे यह आयोजन शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी प्रतीक बन गया। कार्यक्रम में शिक्षक वीरभान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ, तुरगमा के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह, अध्यापक राहुल दीप सिंह, कंपोजिट विद्यालय की किटहाई के प्रधानाध्यापक दानिश मियां रिजवी, प्राथमिक विद्यालय खोहर के प्रधानाध्यापक सुमित मिश्रा, विद्यालय बर्दवान के पूर्व के प्रधानाध्यापक अजय नाथ, शिक्षामित्र कुबेर द्विवेदी, शिक्षामित्र उमाकांत पांडे, कंपोजिट विद्यालय मढ़ा के अध्यापक आशीष त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जनपद में 35 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित, 30 मार्च से खरीद प्रारंभ



जनपद स्तरीय गेहूं खरीद कार्यशाला में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गेहूं खरीद कार्यशाला ने इस बार प्रशासन की मंशा साफ कर दी। जिला खरीद अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में 30 मार्च से 15 जून तक चलने वाली खरीद प्रक्रिया को लेकर व्यापक तैयारियों का खाका खींचा गया। जनपद में कुल 35 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जाएगा, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। प्रशासन ने 16000 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य तय कर इसे हर हाल में पूरा करने का संकल्प दोहराया है। इस बार तकनीक भी खरीद प्रक्रिया की धुरी बनेगी- एग्री स्टैक पोर्टल और ई-पड़ताल डेटा के आधार पर पंजीकरण का ऑटो सत्यापन होगा, जबकि ई-पॉप मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए खरीद सुनिश्चित की जाएगी। दूरदराज के किसानों के लिए 3 मोबाइल क्रय केंद्रों की सुविधा भी दी गई है, जिससे गांव-गांव जाकर गेहूं खरीदा जाएगा। बैठक में साफ-सफाई, मानक गुणवत्ता, उपकरणों की उपलब्धता और किसानों की सुविधाओं- पानी, बैठने और पार्किंग- पर विशेष जोर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने चेताया कि मानक से समझौता नहीं होगा और हर क्रय केंद्र पर पारदर्शिता के साथ रिकॉर्ड संधारण अनिवार्य रहेगा।

## श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण और ई-केवाईसी अनिवार्य- श्रम विभाग

**चित्रकूट।** जिले में श्रमिकों के हितों की डगर अब कागजी नहीं, डिजिटल कसौटी पर कसती नजर आ रही है। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि बिना पंजीयन, नवीनीकरण, फैमिली आईडी और आधार ई-केवाईसी के श्रमिकों के खाते में योजनाओं की एक भी पाई नहीं पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए श्रमिकों का पंजीयन अनिवार्य है, जिसे 365 दिन बाद नवीनीकरण कराना भी जरूरी होगा। इसके साथ ही फैमिली आईडी और आधार ई-केवाईसी अपडेट होना अनिवार्य शर्त बन चुका है। श्रमिकों को जिला पंचायत भवन कर्वी स्थित कार्यालय में आधार कार्ड और लिंक मोबाइल के साथ पहुंचकर ओटीपी के माध्यम से ई-केवाईसी अपडेट कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों की अनदेखी अब सीधे लाभ से वंचित कर सकती है।

# बाबा साहेब के सम्मान पर संकट, बनाडी गांव में भुगतान न होने से रुका सौंदर्यीकरण कार्य

- जयंती से पहले अधूरा सम्मान?
- विवाद में फंसा सौंदर्यीकरण अभियान

**चित्रकूट।** जिले के सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बनाडी में संविधान निमार्ता डॉ बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिलाधिकारी के सख्त निदेर्शों के बावजूद, 14 अप्रैल से पहले कार्य पूरा करने की समयसीमा मजदूरी भुगतान के विवाद में उलझती नजर आ रही है। ग्रामसभा के बजट से चल रहे इस कार्य में पिलर खड़े कर लेंटर डाला जा रहा है, लेकिन मजदूरों का आरोप है कि कई दिनों से पसीना बहाने के बावजूद उन्हें उनकी मेहनत की कीमत नहीं मिली। प्रधान सचिव पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए मजदूरों ने साफ चेतावनी दी है कि बकाया भुगतान के बिना वे आगे काम नहीं करेंगे। इससे प्रशासनिक मंशा और जमीनी हकीकत के बीच गहरी खाई उजागर हो रही है। उधर, ग्रामीणों में भी रोष है कि यदि बाबा साहेब की जयंती से पहले यह कार्य अधूरा रह गया, तो यह पूरे गांव के लिए शर्मिंदगी का विषय होगा। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह कब हरकत में आता है और क्या समय रहते मजदूरों को न्याय दिलाकर इस सम्मानजनक कार्य को पूरा करा पाता है या नहीं।




मजदूरी विवाद में प्रतिमा का अधूरा पडा कार्य

## चित्रकूट में नगर पंचायतों के नामित सदस्यों की शपथ प्रक्रिया शुरू

**चित्रकूट।** जिले में नगर निकायों की सियासत ने अब नया मोड़ ले लिया है, जहां शासन के निदेर्शों के बीच नामित सदस्यों की शपथ प्रक्रिया को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार ने स्पष्ट किया कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के अनुपालन में मऊ, राजापुर और मानिकपुर नगर पंचायतों में नामित सदस्यों को शपथ दिलाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की मंजूरी के बाद उपजिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जिससे प्रशासनिक मशीनरी में हलचल बढ़ गई है। अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के भीतर शपथ प्रक्रिया पूरी कर शासन और राज्य निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजी जाए। ऐसे में चित्रकूट की नगर राजनीति में नई हलचल के संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं।

# राम भरोसे चित्रकूट- पुलिसिया दावों की धज्जियां उड़ाती पुलिस लाइन गेट की यह बदहाल चौकी

- सिर्फ फीता काटने के लिए खुली हैं चौकियां?
- कागजों पर स्मार्ट पुलिसिंग?



चौकी का अकेला पुलिस इंस्पेक्टर

**चित्रकूट।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दावे इन दिनों जमीनी हकीकत से टकराकर बिखरते नजर आ रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा लगातार नई चौकियों की स्थापना तो की जा रही है, लेकिन इन चौकियों की बुनियादी जरूरतों को जैसे नजरअंदाज कर दिया गया है। पुलिस लाइन गेट के बाहर स्थापित चौकी इसका सबसे जीवंत उदाहरण बन चुकी है, जहां बीते पांच महीनों से चौकी प्रभारी रामकुमार दुबे अकेले ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा का भार अपने कंधों पर ढो रहे हैं। न कोई हमराही, न सरकारी वाहन- बस एक निजी बाइक और जिम्मेदारियों का अथाह बोझ। स्टेशन रोड से लेकर खोह और आसपास के आधा दर्जन गांवों तक गश्त करना एक व्यक्ति के बूते से बाहर की चुनौती है, फिर भी यह जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सवाल है कि जब चौकी में स्टाफ ही नहीं, तो सुरक्षा का यह ढांचा आखिर किस भरोसे खड़ा है? यही नहीं, चौकी की साफ-सफाई और दैनिक संचालन जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं भी अधर में लटकी हुई हैं। स्थानीय लोगों में इस व्यवस्था को लेकर असंतोष साफ झलक रहा है। उनका मानना है कि यदि चौकियां सिर्फ उद्घाटन तक सीमित रह जाएं और उनमें संसाधनों का अभाव बना रहे, तो यह व्यवस्था महज कागजी साबित होगी। कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए केवल चौकियां खोलना नहीं, बल्कि उन्हें संसाधनों और पर्याप्त बल से लैस करना भी उतना ही आवश्यक है। अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या विभाग इस सच्चाई को स्वीकार कर सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाएगा या फिर यह चौकी भी व्यवस्था की चुप्पी में गुम हो जाएगी।

## चित्रकूट संयुक्त चिकित्सालय में 15 नेत्र ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न

**चित्रकूट।** संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की एक नई तस्वीर उभरती दिखाई दे रही है। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में यहां आमजन को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज देने की दिशा में लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। नेत्र विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ रमेश कुमार भारती और डॉ अरुण आर्या की टीम प्रतिदिन मरीजों का चिन्हांकन कर हर मंगलवार और शुक्रवार को मोतियाबिंद सर्जरी को अंजाम दे रही है। इसी क्रम में 31 मार्च को 13 मोतियाबिंद और 2 टेरिजियम ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए, जिससे कुल 15 मरीजों की आंखों की रोशनी में नई उम्मीद जगी। 1 मार्च को सभी मरीजों की जांच कर उन्हें स्वस्थ घोषित करते हुए डिस्चार्ज किया गया।

# गढ़चपा में विकास की आंधी- ढाई किलोमीटर सड़क के निर्माण को 138.96 लाख रुपये स्वीकृत

- विधायक निधि से सड़क परियोजना को मंजूरी
- बनेगा पतेरिया-पहरतरा-भुनजवन मार्ग

अखंड भारत संदेश



जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से चर्चा करते विधायक मानिकपुर

**मानिकपुर/चित्रकूट।** गढ़चपा क्षेत्र में विकास की रफ्तार अब सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दौड़ती नजर आ रही है। वर्षों से उपेक्षित पतेरिया से पहरतरा होते हुए भुनजवन डेरा तक की संपर्क सड़क को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है, और इसके साथ ही गांवों में उम्मीदों का नया सवेरा उतर आया है। 138.96 लाख रुपये की लागत वाली इस सड़क परियोजना में 69 लाख रुपये की पहली किस्त लोक निर्माण विभाग को मिल चुकी है, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की संभावना है। यह महज एक सड़क नहीं, बल्कि उन ग्रामीणों की सांसों को राहत देने वाला रास्ता है जो बरसात में कीचड़ और कटाव के बीच जिंदगी ढोने को मजबूर थे। जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल, अर्जुन सिंह बघेल और विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के संयुक्त प्रयासों ने इस लंबे संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह के नेतृत्व में विकास की यह रफ्तार अब क्षेत्र की पहचान बनती दिख रही है। किसानों के खेत, छात्रों के स्कूल और आमजन की रोजमर्रा की जरूरतेंकृअब सब कुछ इस सड़क से जुड़कर आसान होने जा रहा है। ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी सिर्फ एक परियोजना की नहीं, बल्कि अपने उज्ज्वल भविष्य की झलक है।

# ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करने वाला था अमेरिका, रूस ने किया ऐलान, ईरान का साथ देने के लिए चेचन सेना एकदम तैयार

**कुवैत**

**मध्य** पूर्व संघर्ष से जुड़ी ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण लागत पर बढ़ते दबाव को देखते हुए कोरियन एयर ने आपातकालीन प्रबंधन मोड की घोषणा की है। एयरलाइन अप्रैल से गैर-जरूरी खर्चों में चरणबद्ध कटौती करने की योजना बना रही है, हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं। इसने संभावित उड़ान कटौती की पुष्टि नहीं की है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइन ने कहा कि अप्रैल में ईंधन का खर्च पहले के वार्षिक अनुमानों से दोगुने से भी अधिक होने का अनुमान है, जो बढ़ते वित्तीय दबाव को दशार्ता है।

दुबई के पास ईरानी हमले के बाद कुवैती तेल टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया गया

कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि दुबई तट के पास ईरानी हमले के बाद अल सालमी तेल टैंकर पर लगी आग को चालक दल के सदस्यों ने बुझा दिया। रॉयटर्स के अनुसार, टैंकर पर सवार 24 कर्मियों में से किसी को भी तेल रिसाव या चोट की सूचना नहीं मिली है।

लावरोव ने अमेरिका और इजराइल पर ईरान के साथ सामान्य संबंधों का विरोध करने का आरोप लगाया

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ईरान और उसके पड़ोसी देशों के साथ सामान्य संबंध स्थापित करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। रॉयटर्स से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के प्रयास तेल और गैस संसाधनों पर नियंत्रण पाने की इच्छा से प्रेरित हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने यह भी चेतावनी दी कि मध्य पूर्व का संकट एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील हो सकता है।

लावरोव का दावा है कि अमेरिकी सत्ता परिवर्तन के प्रयास तेल हितों से प्रेरित हैं

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आरोप लगाया कि ईरान और वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के लिए अमेरिका के प्रयास तेल और गैस संसाधनों पर नियंत्रण हासिल करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि वाशिंगटन और इजराइल ईरान और उसके पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का विरोध करते हैं, और चेतावनी दी कि मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील हो सकता है। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इजराइल ने दी है।



इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक बफर जोन बनाने की योजना बनाई

रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि इसराइल दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक एक बफर जोन स्थापित करने का इरादा रखता है। उन्होंने संकेत दिया कि विस्थापित निवासियों को तब तक वापस लौटने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक उत्तरी इसराइल सुरक्षित नहीं हो जाता, और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित घरों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम इसराइल द्वारा तेज किए गए हमलों के बाद उठाया गया है, जिसमें लिटानी नदी पर बने पुलों पर हमले भी शामिल हैं, जिन्हें लेबनान के राष्ट्रपति ने जमीनी आक्रमण की संभावित तैयारी बताया है।

अमेरिकी आक्रमण के खिलाफ ईरानी सेना के साथ हाथ मिलाने को तैयार चेचन सेना

रमजान कादिरोव के प्रति वफादार चेचन सैन्य इकाइयों ने ईरानी सशस्त्र बलों के समर्थन में ईरान में तैनात होने की अपनी तत्परता घोषित कर दी है। यह घोषणा एक तीव्र होते संघर्ष के बीच आई है, जिसे चेचन नेतृत्व अमेरिकी और सहयोगी बलों के खिलाफ एक धार्मिक युद्ध के रूप में वर्णित करता है। कादिरोव के नेतृत्व वाली सेनाओं ने अपने संभावित हस्तक्षेप को इस्लामी गणराज्य की रक्षा के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसे वे अच्छाई बनाम बुराई की लड़ाई बताते हैं। ये घटनाक्रम कई हफ्तों से चल रहे अमेरिकी-इजरायली हवाई अभियान के बाद सामने आए हैं, और हालिया खुफिया जानकारी से पता चलता है कि अमेरिकी सेनाएं - राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर - जमीनी आक्रमण की ओर बढ़ सकती हैं क्योंकि प्रारंभिक हवाई अभियानों को रणनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## गैस पाइपलाइन पर बड़ा अटैक, दहला पूरा इस्लामाबाद

**बलूचिस्तान**

**हिंदी** की एक कहावत तो सुनी ही होगी आपने। गरीबी में आटा गीला और इस वक्त बिल्कुल वही हाल पाकिस्तान का हो गया है। पहले ही पेट्रोल डीजल को लेकर त्राहि मची हुई है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें ?321 और वहीं आपको बता दें डीजल जो है यहां पर ?335 प्रति लीटर बिक रहा है। तेल और गैस के दाम सातवें आसमान पर है। गैस की किल्लत से जनता परेशान है और अब ऊपर से एक और बड़ा झटका पाकिस्तान को लग गया है। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में अचानक ऐसा भीषण ब्लास्ट हुआ है जिसने इस्लामाबाद से लेकर लाहौर तक में खतरनाक हड़कंप



मचा दिया है। धमाका इतना जबरदस्त था कि पाइपलाइन का बड़ा हिस्सा पूरी तरह से तबाह हो गया और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगी। धमाके के तुरंत बाद एसएसजीसी की टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची। मुख्य वालव बंद किया और आग पर किसी तरह काबू पाया गया। लेकिन सुरक्षा कारणों से गैस सप्लाई पूरी तरह से रोक दी गई है। इसका असर सीधे क्वटा शहर और अपर बलूचिस्तान के कई इलाकों पर पड़ा है।

## सैनिकों पर हमले के बाद यूएन में तगड़ा भड़का भारत

**लेबनान**

**लेबनान** से एक बड़ी और चिंताजनक खबर सामने आई। जहां इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के दौरान यूनाइटेड नेशंस के शांति सैनिकों यानी कि यूएन पीसकीपर्स पर हमला हो गया। और अब इस हमले को लेकर भारत का कड़ा रुख सामने आया है। जहां भारत ने इस हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की है और इस हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग भारत ने की है। दरअसल 29 मार्च को दक्षिणी लेबनान में यूएन मिशन के तहत तैनात सैनिकों पर एक प्रोजेक्टाइल का हमला हुआ। यह हमला यूनिफिल के एक पोस्ट पर हुआ जिसमें एक इंडोनेशियाई सैनिक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी। जहां शांति के लिए तैनात सैनिकों को निशाना बनाना एक चिंता का विषय है।

आपको बता दें ये घटना इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी भीषण संघर्ष के दौरान हुआ है। भारत ने इस हमले पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए इसे कायराना और अस्वीकार्य बताया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने बयान जारी करते हुए कहा कि हम यूएन शांति सैनिकों पर इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं और सभी पक्षों से अपील करते हैं कि वह शांति सैनिकों की सुरक्षा को



सुनिश्चित करें। साथ ही में भारत ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी है।

आपको बता दें कि इस हमले पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेज ने कड़ी निंदा की और उन्होंने कहा कि यूएन कर्मियों पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और इसे वॉर क्राइम यानी कि युद्ध अपराध भी माना जा सकता है। उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की है और सभी पक्षों से हिंसा रोकने की अपील की है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव लगातार बढ़ा है और इस बढ़ते संघर्ष का सीधा असर यूएन शांति मिशनों पर देखने को मिल रहा है। जिससे वहां तैनात सैनिकों की सुरक्षा खतरे में है।

भारत ने इस मौके पर अपनी भूमिका को याद दिलाया है। आपको बता दें कि भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जो सबसे ज्यादा यूएन पीस कीपर्स भेजता है। अभी यूएन फील्ड में करीब 7500 सैनिक 48 देशों से तैनात हैं। जिनमें से 600 से भी ज्यादा भारतीय सैनिक शामिल है। जो यह दिखाता है कि भारत वैश्विक शांति को बनाए रखने में कितना बड़ा योगदान देता है।

## होर्मुज स्ट्रेट खुले नहीं खुले, ईरान से युद्ध जल्द से जल्द बंद करने की फिराक में लगे ट्रंप




**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान में चल रहे सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर समाप्त करने पर विचार कर रहे हैं, भले ही रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद रहे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने सहयोगियों से कहा है कि संघर्ष जल्द ही समाप्त हो सकता है और जलमार्ग को फिर से खोलने के लिए राजनयिक वार्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति का मानना है कि ईरान की नौसेना और मिसाइल प्रणालियों को कमजोर करने सहित प्रमुख परिचालन लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिए गए हैं। रिपोर्ट में उद्धृत अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन अभी भी भीड़भाड़ वाले समुद्री क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले अभियान शुरू किए बिना अपने "मुख्य" उद्देश्यों को पूरा करके सफलता का दावा कर सकता है।

ट्रंप ने यह भी तर्क दिया कि यह बंद मुख्य रूप से एशियाई और यूरोपीय बाजारों को प्रभावित कर रहा है, और कहा कि अमेरिका अब पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर अत्यधिक निर्भर नहीं है। संघर्ष को समाप्त करने की चचाओं में तेजी आने के बावजूद, वैश्विक बाजारों पर दबाव बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चढ़ गई हैं ।

## भारत आ रहे प्लेन को ट्रंप ने उड़ाया, भड़का ईरान

**ईरान**

**महान** एयर का एक प्लेन जो भारत आने वाला था ईरान के मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था दावा किया गया कि यह अमेरिका की एयर स्ट्राइक में डैमेज हो गया है। यह जानकारी 30 मार्च को ईरानी सोर्सेस के हवाले से न्यूज एजेंसी एएनआई ने दी थी। लेकिन इस पर कोई कंफर्मेशन नहीं आई थी कि यह हमला किसने किया है। लेकिन अब ईरान ने इस हमले का आरोप अमेरिका पर लगाया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका की एयर स्ट्राइक में एक ह्यूमेनिटेरियन प्लेन को निशाना बनाया गया। ईरान ने इसे सीधे-




सीधे वॉर क्राइम यानी कि युद्ध अपराध बताया है। बताया जा रहा है कि यह प्लेन एक ह्यूमेनिटेरियन मिशन पर दिल्ली आने वाला था। मतलब इसके जरिए दवाइयां और बाकी जरूरी चीजें भारत से ईरान जाने वाला था। लेकिन हमले की वजह से यह मिशन शुरू होने से पहले ही रुक गया। लेकिन अभी तक अमेरिका की तरफ से इस पर कोई भी जवाब नहीं आया है। भारत में मौजूद ईरानी एंबेसी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जो प्लेन दवाइयां और मेडिकल सामान लेकर जा रहा था उस पर हमला करना इंटरनेशनल लॉ का वलेशन है और यह एक वॉर क्राइम है।

साथ ही यह भी कहा कि किसी सिविलियन प्लेन को जो ह्यूमेनिटेरियन काम में लगा हो निशाना बनाना इंटरनेशनल एविएशन नियमों और इंसानियत दोनों के खिलाफ है। ईरान की सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ने भी यही बात दोहराई और हमले की निंदा की।

## जमीन पर आए तो आसमान में भेंज देंगे, ईरान ने ट्रंप की सेना को दिखा दिया ट्रेलर

**अमेरिका**

**अमेरिका** के प्रेसिडेंट ट्रंप ने कहा था कि वो ईरान का तेल और उसकी जमीन कब्जा लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान का तेल अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। 29 मार्च को फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप बोले मुझे सबसे अच्छा यही लगता है कि हम ईरान का तेल ले लें। उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला से की जहां राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उठाने के बाद से वहां के तेल इंडस्ट्री को लंबे समय तक अपने कंट्रोल में रखने की योजना बनाई गई है। ईरान का ज्यादातर तेल एक ही जगह से बाहर आता है खार्ग आइलैंड से। ईरानी नेवी के हेलीकॉप्टर और सिर पर लाल हरी पट्टियां बांधे पासदाराने इस्लाम के जवान तैयार हैं अपनी जमीन की अपनी बॉर्डर की हिफाजत के लिए। ईरान का खार्ग आइलैंड जो रणनीतिक नजरिए से बेहद अहम है जिन पर दुश्मन घात लगाए बैठा है। ऐसे में ईरान ने अपनी नेवी और फोर्सेस मुस्तैद कर दी हैं।

## होर्मुज से अपना तेल खुद ले आओ, ईरान युद्ध में मदद न करने वाले देशों पर भड़के ट्रंप

**ईरान**

**ईरान** से जुड़े तनाव के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को एक तीखे बयान में होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण ईंधन की कमी का सामना कर रहे देशों से आग्रह किया कि वे "हिम्मत जुटाएं और अपना तेल खुद जुटाएं। यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग, जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा गुजरता है, फरवरी के अंत में अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के जवाबी हमलों के कारण बुरी तरह बाधित हो गया है। क्षेत्र में तेल और गैस जहाजों को कथित तौर पर निशाना बनाया गया है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट और भी बढ़ गया है।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने सुझाव दिया कि ब्रिटेन सहित प्रभावित देशों को या तो संयुक्त राज्य अमेरिका से ईंधन खरीदना चाहिए या जलडमरूमध्य तक पहुंच सुरक्षित करने के लिए स्वतंत्र कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने अमेरिकी रुख में बदलाव का भी संकेत दिया, जिससे पता चलता है कि देशों को भविष्य में अमेरिकी हस्तक्षेप पर कम निर्भर रहने की आवश्यकता हो सकती है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की वजह से जिन देशों को जेट ईंधन नहीं मिल पा रहा है, जैसे कि यूनाइटेड किंगडम, जिसने ईरान को तबाह करने में शामिल होने से इनकार कर दिया, उनके लिए मेरा एक सुझाव हैः नंबर 1, अमेरिका से खरीदें, हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है, और नंबर 2, कुछ देर बाद हिम्मत जुटाएं, जलडमरूमध्य




पर जाएं और उसे अपने कब्जे में ले लें। ट्रंप ने कहा कि आपको खुद के लिए लड़ना सीखना होगा, अमेरिका अब आपकी मदद के लिए नहीं होगा, ठीक वैसे ही जैसे आप हमारी मदद के लिए नहीं थे। ईरान लगभग पूरी तरह से तबाह हो चुका है। मुश्किल काम हो चुका है। जाओ अपना तेल खुद हासिल करो!

ईरान के बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की ट्रंप की पहले की चेतावनी

सोमवार को ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान और वाशिंगटन के बीच जल्द समझौता नहीं हुआ तो वह देश के बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खारग द्वीप को उड़ाकर पूरी तरह नष्ट" कर सकते हैं। उन्होंने यह धमकी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट की और इस बात पर जोर दिया कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत "व्यापार के लिए नहीं खोला गया" तो यह कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने इस धमकी को ईरान की पिछली कार्रवाइयों के कारण अमेरिकी सैनिकों और अन्य लोगों को हुए नुकसान का बदला बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने जानबूझकर अब तक ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को बख्शा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## यूएस ने जमीनी सेना उतारी तो ईरान के लिए युद्ध के मैदान में तुरंत उतरेंगे

**इजराइल**

**मध्य** पूर्व इस समय आग के दरिया में बदल चुका है और इस जंग की लपटें अब पूरी दुनिया को झुलसाने लगी हैं। हर घंटे हालात और ज्यादा खतरनाक हो रहे हैं और जंग का दायरा तेजी से फैलता जा रहा है। हम आपको बता दें कि आज तेल अवीव के दिल में तबाही का मंजर उस समय दिखा जब ईरान द्वारा दागी गई मिसाइलों के टुकड़े गिरने से कई गाड़ियां धू धू कर जल उठीं। कम से कम ग्यारह लोग घायल बताए जा रहे हैं। समुद्र किनारे तक धमाकों की गूंज सुनाई दी और बचाव दलों को कई जगहों पर मलबा मिला। इजराइली सेना का दावा है कि यह हमला क्लस्टर हथियारों के जरिये किया गया, जो एक साथ कई जगहों पर तबाही मचाने के लिए जाने जाते हैं।

इधर इजराइल अब पूरी तरह आक्रामक रणनीति पर उतर आया है। इजराइल के रक्षा मंत्री ने साफ कहा है कि दक्षिणी लेबनान में लितानी नदी तक पूरा इलाका उनके नियंत्रण में रहेगा। वहां से भागे करीब छह लाख लोगों को लौटने नहीं दिया जाएगा और सीमा के पास के घरों को पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। यह बयान इस बात का संकेत है कि इजराइल जमीनी घुसपैठ की तैयारी में है।

इस बीच, अमेरिका की भूमिका भी बेहद आक्रामक होती जा रही है, लेकिन उसे हर मोर्चे पर समर्थन नहीं मिल रहा। इटली ने अपने सैन्य अड्डे पर अमेरिकी विमानों को उतरने से मना कर दिया, वहीं स्पेन ने भी अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। यह साफ संकेत है कि पश्चिमी देशों के भीतर भी इस युद्ध को लेकर मतभेद



गहराते जा रहे हैं।

उधर, जंग का असर अब खाड़ी क्षेत्र तक पहुंच चुका है। दुबई के पास एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमला हुआ, जिसमें करीब बीस लाख बैरल तेल था। आग तो काबू में कर ली गई, लेकिन तेल आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है। इसी कारण वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें उछल गई हैं और कई देशों में ईंधन महंगा हो गया है। वहीं ईरान भी पीछे हटने के मूड में नहीं है। उसकी सेना ने खुले शब्दों में चेतावनी दी है कि जो भी देश जमीन पर हमला करेगा, उसके पैर काट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, रूस से जुड़े चेचन लड़ाके भी तैयार बताए जा रहे हैं, जो अमेरिका के जमीनी युद्ध में उतरते ही ईरान का साथ दे सकते हैं।

दूसरी ओर, स्थिति तब और भयावह हो गई जब ईरान ने अमेरिका के कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले करने का दावा किया।

बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में स्थित ठिकानों को निशाना बनाया गया। ड्रोन और सटीक मिसाइलों से कमांड सेंटर और रडार सिस्टम पर वार किए गए। यह कदम सीधे अमेरिका को युद्ध में खींचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

उधर, इजराइल और अमेरिका ने ईरान के भीतर भी हमले तेज कर दिए हैं। इस्फहान में हथियार भंडार पर हमला किया गया, जबकि तेहरान में कई धमाके सुने गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक दवा बनाने वाली बड़ी कंपनी भी हमले की चपेट में आ गई, जहां कैंसर और बेहोशी की दवाएं बनाई जाती थीं। इससे आम नागरिकों पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता बढ़ गई है।

इस बीच, ईरान के भीतर हालात और भी कठिन हो गए हैं। पिछले कई हफ्तों से इंटरनेट बंद है, जिससे लोग परेशान हैं। वहीं ईरान सरकार ने सख्त चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिका या इजराइल को जानकारी देता पकड़ा गया, तो उसे मौत की सजा दी जा सकती है।